केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

कामयाब होना है तो एक बात गांठ बाँध लो,
पाँव भले ही फिसल जाए लेकिन जुबान कभी नहीं फिसलनी चाहिए..!

वर्ष 14 अंक 24 | उज्जैन, सोमवार 3 जुलाई 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### बसपा सुप्रीमो मायावती बोलीं, यूनिफार्म सिविल कोड सही, लागू करने का भाजपा का तरीका गलत

**लखनऊ/जीएनएस।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूनिफार्म सिविल कोड का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश मजबूत होगा और आपसी भाईचारा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बसपा समान नागरिक संहिता के खिलाफ नहीं है, लेकिन भाजपा द्वारा इसेलागू करने के तौर तरीकों से सहमत नहीं है। मायावती ने कहा कि भारत में विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। अपने तौर-तरीके और रस्मों रिवाज हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन दूसरी ओर देखा जाए तो अगर देश में यूसीसी लागू होता है, तो देश मजबूत होगा। साथ ही लोगों में भाईचारा भी पैदा होगा। हमारी पार्टी इसके विरुद्ध नहीं है, लेकिन भाजपा के इसको लागू करने के तौर तरीकों से सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 44 में यूसीसी लागू करने के लिए तो वर्णन है, लेकिन थोपने के लिए नहीं। इसके लिए जागरूकता और आम सहमति बनाना ही श्रेष्ठ होगा। मायावती ने कहा कि यूसीसी के मुद्दे पर राजनीति ठीक नहीं। अगर भाजपा इसे सही तरीके से लाती है, तो हम साथ है, नहीं तो इसका विरोध करेंगे। इसे लागू करने में भाजपा की संकीर्ण राजनीति देखने को ज्यादा मिल रही है। इसमें धार्मिक पक्षपात नहीं होने चाहिए।

राहुल की रैली से डरी सरकार; कांग्रेस की तेलंगाना इकाई का दावा, बीआरएस के इशारे पर काम कर रही पुलिस

### कांग्रेस की तेलंगाना इकाई का दावा, बीआरएस के इशारे पर काम कर रही पुलिस

**हैदराबाद/जीएनएस।** कांग्रेस की तेलंगाना इकाई ने रविवार को आरोप लगाया कि पुलिस और राज्य सरकार पार्टी के नेता राहुल गांधी की खम्मम रैली में शामिल होने जा रहे लोगों के लिए बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। पार्टी ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के नेताओं के इशारे पर ऐसा किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने इन दावों से इनकार किया है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष और सांसद ए रेवंत रेड्डी ने इस मुद्दे पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार से बात की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुए दावा किया कि सत्तारूढ़ बीआरएस इस रैली को लेकर परेशान है।कांग्रेस विधायक डी श्रीधर बाबू ने आरोप लगाया कि स्थानीय बीआरएस नेतृत्व रैली को असफल करने की कोशिश के तहत अलोकतांत्रिक तरीके से कार्य कर रहा है। वहीं, खम्मम के पुलिस आयुक्त विष्णु एस. वारियर ने दावा किया कि खम्मम में कांग्रेस पार्टी की जनसभा के लिए लोगों को ले जा रहे वाहनों को रोककर पुलिस द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि जिला में यातायात परिवर्तन के अलावा कहीं पर कोई जांच चौकी नहीं लगाई गई है।

दक्षिण भारत में भारी बारिश का अलर्ट; अगले पांच दिन को लेकर जारी की एडवाइजरी, पूरे देश में पहुंचा मानसून

### मौसम विभाग ने अगले पांच दिन को लेकर जारी की एडवाइजरी, पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली/जीएनएस।** देशभर के लगभग सभी राज्यों में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। पिछले महीने आठ जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून ने विभिन्न राज्यों को धीरे-धीरे कवर कर लिया। अब मौसम विभाग ने मॉनसून को लेकर खुशखबरी दी है। रविवार को मौसम विभाग ने बताया है कि साउथवेस्ट मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। यानी कि कोई भी इलाका अब अछूता नहीं रहा, जहां मानसून नहीं पहुंचा हो। वहीं, दक्षिण के राज्यों के लिए अगले पांच दिन तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया है कि साउथवेस्ट मानसून रविवार को राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बचे हुए हिस्से में भी पहुंच गया। इस हिसाब से अब यह पूरे देश में पहुंच चुका है।

# 'सेवा और वसुधैव कुटुम्बकम्' के भाव से होगा जीवन सार्थक- मुख्यमंत्री चौहान

## 16 सेवा योगी उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुए सम्मानित ››जी-20 अंतर्गत सी-20 सेवा समिट का हुआ समापन

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारतीय समाज और भारत के मूल में सेवा का भाव समाहित है। एक ही चेतना सभी प्राणियों में व्याप्त है। यह भारतीय संस्कृति का मूल विचार है। संत कबीर ने भी कहा कि ÷ साहिब तेरी साहिबी, सब घट रही समाय, जो मेहंदी के पात में, लाली लखी न जाय।÷ अर्थात् परमात्मा प्रत्येक मनुष्य में हैं लेकिन दिखाई नहीं देता। जिस तरह लाल रंग, हरी मेहंदी के पत्ते में समाहित है, लेकिन दिखता नहीं है। सेवा और साधना से मनुष्य का योगदान दिखाई देता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में जी-20 के सेवा समिट के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अनेक समाजसेवियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष श्री विनय सहस्त्रबुद्धे सहित अनेक अतिथि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम, मनुष्यों के साथ ही पशु-पक्षियों और पर्यावरण की रक्षा के लिए भी सजग रहते हैं। जन्म से ही सेवा की घुट्टी पिलाई जाती है। जियो और जीने दो का भाव मन में होता है। बिना संवेदना और अपनत्व भाव के सेवा नहीं हो सकती । देश के हर गाँव और कस्बे में कथाएँ होती हैं, तो कहा जाता है धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व का कल्याण हो। यह मंत्र भारत ने ही दिया है। हमारे संतों ने हजारों साल पहले कहा कि सभी प्राणी सुखी हों, इसके लिए हम मन में बंधुत्व का भाव रखें। यह सेवा समिट विश्व मानवता, विश्व बंधुत्व और सेवा के भाव को सशक्त बनाएगा। यह भाव जीवन को सार्थक बनाता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण, अपने आप में दुनिया की तमाम समस्याओं का समाधान भी है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ के भाव को सशक्त बना रहे हैं। पेड़ लगाने का कार्य आचरण में हो, भाषण में नहीं, तभी हमारी भूमिका सार्थक होगी। अन्य लोग भी ऐसे कार्यों से प्रेरित होते हैं। मुझे संतोष है कि मैं ढाई वर्ष से निरंतर प्रतिदिन पौधा लगा रहा हूँ। धरती की सेवा के लिए और कम से कम अपनी आवश्यकता की आक्सीजन को ध्यान में रखते हुए हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए। दीन-दुखियों और दरिद्रों की सेवा से भी जीवन सार्थक होता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन सेवा के भाव को एक नया अर्थ देगा।





मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिविल- 20 सेवा समिट में देश-विदेश से आए समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति मन का और आत्मा का सुख प्राप्त करना चाहता है। यदि कोई नागरिक आपराधिक प्रवृत्ति का है तो भी उसमें दया का भाव विद्यमान होता है। आत्मा के सुख के लिए व्यक्ति सेवा कार्य में संलग्न हो जाता है। मन और आत्मा के सुख को प्राप्त करने का भाव परोपकार और सेवा कार्य की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इससे जुड़े व्यवहारिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए उदाहरण भी दिए।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान मूलत: सेवा योगी- डॉ. सहस्त्रबुद्धे

डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान मूलतः सेवा योगी है। उन्होंने दो दशक से प्रदेश की सेवा करते हुए जनता के साथ अपनत्व का रिश्ता बनाया है। जनता को अपने साथ जोड़ते हैं इसलिए प्रदेश के मामा कहलाते हैं। सेवा करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। जी 20 में सेवा का विषय शामिल किया जाना अपने आप में गर्व की बात है। भारत में हुए सेवा सम्मेलन में वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश पूरे विश्व को प्रेरणा देगा।

सेवा को समर्पित दो पुस्तक का विमोचन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 2 पुस्तक - सेवा, सुशासन और सहभागिता के 2 दशक और सेवा-सेंस ऑफ़ सर्विस-कॅम्पेंडियम ऑफ़ प्रेक्टिसेज अक्रॉस जी -20 कन्ट्रीज का विमोचन किया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवा योगी हुए सम्मानित

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 सेवा योगियों को शाल और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। इन सेवा योगियों में डॉ. अंबर पारे, सर्वश्री जीशान निज़, प्रमांशु शुक्ला, मोहन सोनी, सैयद शाहिद मीर, मनीष भावसार, सुश्री सुनीता भुविस्ताले, श्री शिवराज खुशवा, पद्मश्री उमाशंकर पांडे, सर्वश्री पूनम चंद गुप्ता, पराग दीवान, जयराम मीना, रीतेश क्षोत्रिय, विनोद तिवारी, डॉ. सपन कुमार (पत्रलेख) और सुश्री दीप माला पांडे शामिल हैं।

### सिविल 20 सेवा वर्किंग ग्रुप की अनुशंसाएँ

सिविल सम्मेलन के 2 दिवसीय मंथन में सेवा वर्किंग ग्रुप की सेवा पॉलिसी, नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेज पर चर्चा हुई और 7 अनुसंशाएँ प्रस्तुत की गईं। राष्टों के बीच क्रॉस-कंट्री लर्निंग, सहयोग और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जी 20 देशों से अनुकरणीय सेवा प्रथाओं का संकलन करना।

सेवावसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को बढ़ावा देने वाले नागरिक समाजों/स्वैच्छिक संगठनों का एक वैश्विक नेटवर्क स्थापित करना, जिससे विश्व स्तर पर सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

सरकार द्वारा सामाजिक कार्यों में बड़े पैमाने पर भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तरीय सेवा अभियान करना।

सार्थक जीवन को बढ़ावा देने के लिए एक नीति / मॉड्यूल विकसित करना और सेवा को स्वयं-सेवा और परोपकार जैसी निस्स्वार्थ सेवा के लिए एक समावेशी शब्द के रूप में स्थापित करना। सेवा के लिए सभी परियोजनाओं और कार्यक्रमों को एक विकास उपकरण के रूप में उपयोग कर संगठन और व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर सेवा की सुविधा के लिए व्यक्तियों और सीएसओ का एक वैश्विक गठबंधन स्थापित करना भी है।

सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटने और स्वयंसेवी गतिविधियों में बच्चों और युवाओं को शामिल करने के लिए अकादमिक पाठ्यक्रमों में सेवा मॉड्यूल की शुरुआत करना। राष्ट्र-निर्माण के लिए बुजुर्गों और सेवानिवृत्त लोगों के कौशल और ज्ञान का उपयोग करके, बुजुर्ग आबादी के लिए एक मजबूत समर्थन प्रणाली स्थापित करना।

## नए डिप्टी सीएम अजित पवार की चाचा शरद पवार को सीधी चुनौती, बोले, एनसीपी सिंबल पर लड़ेंगे चुनाव



**मुंबई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महाराष्ट्र में नए डिप्टी सीएम के रूप में पद की शपथ लेने के बाद अजित पवार ने प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा और इसमें कुछ और मंत्री शामिल होंगे। साथ ही अजित पवार ने यह भी कहा कि वह एनसीपी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी का नाम भी मेरे साथ ही रहेगा। इस तरह से अजित पवार ने चाचा शरद पवार को सीधे चुनौती दी है। वहीं, छगन भुजबल ने कहा कि पार्टी में फूट नहीं है। हमने एनसीपी के रूप में ही शिंदे सरकार को समर्थन दिया है। अजित पवार ने इस मौके पर स्पष्ट कहा कि पार्टी के सभी विधायक और सभी नेता उनके साथ हैं। अजित पवार ने यह भी कहा कि उन्होंने शरद पवार से फोन पर बात की है।जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके पास शरद पवार का आशीर्वाद है, तो उन्होंने कहा कि सभी का मतलब सभी। इसलिए भाजपा के साथ अजित पवार ने कहा कि पीएम मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए मुझे लगा कि हमें भी इसमें शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष की बात करें तो कहीं लेफ्ट बनाम ममता तो दिल्ली में कांग्रेस बनाम आप चल रहा है। ऐसे में विपक्षी एकता से कुछ बात बनने वाली है। पीएम मोदी के खिलाफ विपक्ष बिखरा हुआ है। इसलिए हमने सरकार के साथ जाने का फैसला किया। शिंदे सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध, इसलिए हमने विकास के साथ जाने का फैसला किया।





# लूट में भाजपा ने अंग्रेज भी पछाड़े, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में केजरीवाल ने महंगाई पर कोसी मोदी सरकार

## छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आप सुप्रीमो केजरीवाल ने महंगाई पर जमकर कोसी मोदी सरकार

**नई दिल्ली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भ्रष्टाचार एवं महंगाई के लिए केंद्र की आलोचना करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवाई वाली राजग सरकार ने नौ वर्षों में इतना लूट लिया है, जितना अंग्रेजों ने ढाई सौ वर्ष में भी नहीं लूटा था।



छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के साइंस कॉलेज मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और लोगों से अपील की कि वे 'आप' को मौका देकर राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त करें। महंगाई के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए केजरीवाल ने कहा, मोदी जी मुझ पर गुस्सा हो गए कि मैं दिल्ली में रेवड़ियां बांट रहा हूं।

हां मोदी जी, मैं बांट रहा हूं। लेकिन आपके लोग रेवड़ियां लूटकर अपने घर ले जा रहे हैं। दिल्ली और पंजाब में आप सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, भगवान ने छत्तीसगढ़ को सब कुछ दिया है लेकिन अच्छे राजनेता और अच्छी राजनीतिक पार्टी नहीं दी, यदि 23 साल में भाजपा और कांग्रेस की सरकारों ने राज्य में अच्छा काम किया होता तो राज्य का एक-एक परिवार अमीर हो गया होता। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि वे 24 घंटे मुफ्त बिजली, मुफ्त शिक्षा, अच्छा इलाज, रोजगार और मुफ्त में तीर्थयात्रा चाहते हैं तो वे छत्तीसगढ़ में आप को सत्ता में लाएं। रैली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

### मोदी जी, आपके लोग रेवड़िया लूटकर ले जा रहे घर

महंगाई के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए केजरीवाल ने कहा, मोदी जी मुझ पर गुस्सा हो गए कि मैं दिल्ली में रेवड़ियां बांट रहा हूं। हां मोदी जी, मैं बांट रहा हूं। लेकिन आपके लोग रेवड़ियां लूटकर अपने घर ले जा रहे हैं। जब मैं गरीबों के हाथों में रेवड़ियां रख रहा हूं तो आपको चिंता क्यों हो रही है। केजरीवाल ने कहा, आज आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। सब्जी, दूध, आटा सब कुछ महंगा हो गया है। क्या आपने कभी सोचा है कि कीमतें क्यों बढ़ रही हैं। मोदी जी ने इतना टैक्स लगाया है जितना आजादी के बाद कभी नहीं लगा। केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने नौ साल में इतना लूटा जितना अंग्रेजों ने 250 साल में भी नहीं लूटा था। उन्होंने कहा कि 75 साल में कांग्रेस ने भी इतनी लूट नहीं की।

रोटरी क्लब अपना मेघनगर ने वर्ष 2023-24 की कमान श्रीमती शर्मा को सौंपी

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रबंध प्राथमिक शाला के बच्चों के प्रवेश उत्सव में शामिल होकर बच्चों चॉकलेट वितरण की

**झाबुआ (मेघनगर) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव के नेतृत्व में रोटेरियन साथियों के नगर की प्रायमरी स्कूल के बच्चों के प्रवेश उत्सव पर पि डी जी गजेन्द्र सिंह नारंग के सौजन्य से बच्चों को उच्च क्वालिटी की चॉकलेट वितरण की वैसे भी कहते हैं कि बच्चे भगवान का रुप होता है तो नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव इन भगवान रुपी बच्चों की सेवा से ही कार्यकाल की शुरुआत की गई 9 वे अध्यक्ष सचिव के पद ग्रहण पर नगर को मिली मोक्ष रथ की सौगात नगर के पत्रकार एवं जीवदया मंडल थांदला द्वारा सम्मान किया गया मेघनगर! शनिवार को मेघनगर के रामदल अखाड़े में रोटरी क्लब अपना को 9 वे अध्यक्ष सचिव का पद ग्रहण के इस अवसर पर 2023-24 सत्र के लिए अध्यक्ष के रूप में बबली शर्मा और सचिव के रूप में माया शर्मा को विधिवत् पिन हस्तांतरण कर पदाभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान रोटरी क्लब अपना ने शहर को स्थाई सेवा प्रकल्प के रूप में मोक्ष रथ की सौगात दी। डॉक्टर डे होने के चलते क्लब ने नगर के सभी सेवाभावी डॉक्टरों का सम्मान भी किया।



सर्व समाज के डॉ.लक्ष्मीकांत सोनी, पंकज वागरेचा, राजेन्द्रसिंह सोनगरा, मांगीलाल खेमसरा, शांतिलाल लोढ़ा, बहादुर नायक, वेद प्रकाश बसेर, भेरूलाल चौहान, मुकेश बामनिया, गब्बु भाई प्रजापत, देवाणा, दिप त्रिवेदी के आतिथ्य में सरस्वती माता की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रोटरी क्लब अपना के विनोद बाफना ने रोटरी मंत्र का उच्चारण कर नये सत्र की शुरूआत की। इस दौरान रोटेरियन जयंत सिंघल, डॉ किशोर नायक, पंकज रॉका, कुसुम सोंलकी, बहादुर सिंह चौहान, कांतिलाल नीमा, राजेश भंडारी, मांगीलाल नायक, कय्युम शेख, विनोद बाफना, नीलेश भानपुरिया सहित सभी ने आतिथ्यों और एवं नियुक्त अध्यक्ष सचिव का स्वागत किया। पहली बार शहर में दोनों महिला रोटेरियनों को अध्यक्ष और सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर श्रमजीवी पत्रकार संघ ओर थांदला रोटरी क्लब, जीवदया मंडल के सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष सचिव का स्वागत किया।

### मोक्ष रथ की पूजा कर नगर भ्रमण कराया

सर्व समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मोक्ष रक्ष की पूजा की गई। श्रीफल फोड़ कर मोक्ष रक्ष को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। रोटेरियल जयंत सिंघल ने बताया कि उदयपुर के अग्रवाल परिवार की ओर से वाहन प्राप्त हुआ। इस वाहन को मोक्ष रथ बनाने में 50 हजार से की राषि खर्च हुई। साथ ही इसके फेब्रिकेषन, रंग रोगन, रेडियम काम, सहित अन्य संसाधनों के लिए बंटु पंचाल, प्रतिक पंचाल, दर्पण पंचाल, महुल ग्राफिक्स के विनोद साबलिया, भाविक बारौठ, दिनेश पंचाल ने सहायता कर इसे रथ को चलयमान बनाने में रोटरी क्लब अपना की मदद की।




### क्लब वहन करेगा डीजल का खर्च

मोक्ष रथ उन में अंतिम यात्रा के लिए रोटरी क्लब अपना ने चालक शुल्क को छोड़कर किसी भी प्रकार को कोई शुल्क नहीं लेने की घोषणा की है। क्लब के पदाधिकारी ने बताया कि वाहन में लगने वाला डीजल भी क्लब वहन करेगा। मोक्षरथ की जरूरत लंबे अरसे से मेघनगर में महसूस की जा रही थी। रोटरी क्लब अपना के प्रयासों से शहर में यह सेवा का एक स्थाई प्रकल्प शुरू हुआ है।

### बाईपैप मशीन और नेबुलाइजर का विमोचन

कार्यक्रम में रोटर क्लब 3040 वर्ष 2020-21 डिस्ट्रीक ग्रांट से रोटरी चिकित्सा उपकर बैंक को 1 बाईपैप मषीन और 2 नेबुलाइजर मषीन प्रदान की गई। रोटरी चिकित्सा उपकण बैंक मेघनगर से मेघनगर क्षेत्र के मरीजों को निःषुल्क मेडिकल उपकरण प्रदान किये जाते हैं। क्लब के भरत मिस्त्री ने बताया कि रोटरी क्लब अपना ने 8 सालों में शहर में कई तरह के स्थाई प्रकल्पों के माध्यम से मानव सेवा का काम किया है। इन प्रकल्पों में एम्बुलेंस का संचालन, शव वाहन का संचालन, स्थाई पानी का प्याऊ, रोटरी ग्रांडन, वातानुकुलित शवग्रह, पैजियोथैरिपी सेंटर, चिकित्सा उपकरण बैंक, सहित कई तरह के षिविर और कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा का काम किया जा रहा है। मिस्त्री ने कहा कि इसके लिए शहर और शहर के बाहर से दानदाताओं और सहयोग मिलता है, इसी सहयोग और विष्वास के कारण रोटरी क्लब अपना 9वां स्थापना दिवस मना रहा है।

### डॉक्टरस डे पर डॉक्टरों का सम्मान

रोटरी क्लब अपना ने इस कार्यक्रम में शहर के अलग-अलग इलाकों में चिकित्सकीय कार्य कर रहे डाक्टरों का सम्मान कर डॉक्टरस डे मनाया। कार्यक्रम में बीएमओं डॉ. विनोद नायक, डॉ किशोर पड़वाल, डॉ. शैलेन्द्र, डॉ. रितेश चैहान , डॉ. भावेश , डा. अमीम गणावा, डॉ. अंजना बामनिया, डा. बलवंत हाडा डॉ. सोयेब माफ्त सहित दो दर्जन के लगभग डॉक्टरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभी रोटेरियन, नगर के गणमान्य नागरिक, अधिमान्य पत्रकार प्रकश प्रजापति मध्यप्रदेश शाशन, जयेश झामर, लोहित झामर, संदीप खत्री,मोहन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जयंत वैरागी, भरत मिस्त्री ने किया एवं आभार नवागत सचिव माया शर्मा ने माना।

## सार समाचार

### नवकार सेवा संस्थान के सदस्यों ने 'डॉक्टर डे' के अवसर पर चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों का किया सम्मान



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक चिकित्सक अपने रोगी की प्रण प्राण से सेवा करता है, मन वचन कर्म से उसके स्वस्थ होने के लिए कार्य करता है, शायद इसीलिए जीवन को लेकर इंसान को भगवान के बाद सबसे ज्यादा भरोसा चिकित्सक पर होता है उक्त विचार नवकार सेवा संस्थान की अध्यक्षा साधना गौरवाड़ा ने डाक्टर्स डे पर शासकीय चिकित्सालय के डॉक्टर एवं चिकित्सा कर्मियों का सम्मान करते हुये व्यक्त किये उन्होंने कहा कि चिकित्सक के रुप में पीड़ित मानव की सेवा का संकल्प लेते हुए उसे पूरा करना प्रसंशनीय, सम्मानीय, वंदनीय हैं। डॉक्टर डे के अवसर पर नवकार सेवा संस्थान की अध्यक्षा साधना गौरवाड़ा, संरक्षक मेडम शीला सर्राफ एवं सदस्यों की टीम ने सूर्यमुनि चिकित्सालय पहुंचकर संस्था के ट्रस्टी राजेश जैन फुलजीबा, अशोक संघवी के सानिध्य में वहां अपनी सेवाएं दे रहे होम्योपैथी डॉक्टर दीपशिखा जैन, आयुर्वेदिक वैद्यराज राजकुमार चोपड़ा एवं फिजियोथेरेपिस्ट आदित्य बहन का सम्मान किया उसके उपरांत ग्रुप के सदस्य शासकीय चिकित्सालय में पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल मुजाल्दे एवं उपस्थित सभी डॉक्टर व चिकित्सा कर्मियों का तिलक लगा कर माला, दुपट्टा से सम्मान किया एवं मिठाई खिला कर डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी शालिनी पाटोदी ने दी।

### उद्योग मंत्री दत्तीगांव के प्रयास से सरकारी अस्पताल में 1 ओर एमबीबीएस डॉक्टर की हुई नियुक्ति

**3 नए एमबीबीएस डॉक्टर आ चुके अस्पताल**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार के ओद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक राजवर्धनसिंह दत्तीगांव की प्रयासो से यहां सिविल हॉस्पिटल में चली आ रही डॉक्टरों की कमी दूर हो रही है। यहां एक और एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति हो गई है। डॉ कृष्णा राठौड़ ने यहां कार्यभार संभाल लिया है। कृष्णा डॉ महेश राठौड़ बोराली के पुत्र है। इसके पहले भी यहां दो और नए डॉक्टरों की नियुक्ति हो चुकी है। डॉ शिवम चतुर्वेदी व डॉ अश्विनी भिले की यहां बंधपत्र चिकित्सक के रूप में पदस्थापना हुई थी। बता दे कि अस्पताल में डेंटल चिकित्सक की भी गत दिनों नियुक्ति हो चुकी है। डॉ काजल चौहान की पदस्थापना हुई है। अस्पताल में डेंटल चेयर भी लग चुकी है। 6 लाख की कीमत की यह चेयर अत्याधुनिक है। यह आटोमेटिक एक्सरे यूनिट व विथ एडवांस टेक्नोलॉजी युक्त है। जिसमे दांतो की जांच, दांतो की घिसाई आदि आसानी से हो रही है।

### अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा खाचरौद और बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान सँस्था शाखा खाचरौद द्वारा रक्तदान शिविर

**कुल 36 रक्तदाताओं ने किया शिविर में रक्तदान**




**खाचरौद/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा खाचरौद और बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान सँस्था शाखा खाचरौद के संयुक्त तत्वाधान में स्वेच्छिक् रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें खाचरौद नगर में दोनों संस्थाओं द्वारा लोगो को रक्तदान शिविर की पहले से जानकारियां दी गयी और रक्तदान के लिए निवेदन भी किया गया । स्वेच्छिक् रक्तदान शिविर में कुल 36 यूनिट रक्तदान हुवा जिसको जिला चिकित्सालय मन्दसौर की टीम द्वारा किया गया । शिविर में रक्तदान करने आये रक्तदाताओं को सँस्था द्वारा रक्तदान की आवश्यकता और रक्तदान करने के फायदे व रक्तदान नही करने के नुकसान के बारे में जानकारियां दी गई। अक्सर लोग मानव जीवन बचाने के उद्देश्य से रक्तदान करते है किंतु ज्यादातर लोगों को रक्तदान के करने से स्वयं को होने वाले फायदे व रक्तदान नही करने से होने वाले नुकसान की जानकारी नही होती है । सँस्था द्वारा दी गयी ताकि जिन्होंने रक्तदान किया है वे अपने मित्रों व रिश्तेदारों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक कर सके। रक्तदान शिविर कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा खाचरौद के सदस्यों द्वारा रक्तदान कार्यक्रम में सेवाएं दी गयी, साथ ही बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान सँस्था शाखा से रक्त मित्र प्रवीण व्यास राहुल चौधरी निलेश पांचाल सुभाष पांचाल बाबू चौधरी वासुदेव धाकड़ अजय राठौर कपिल व्यास मातृशक्ति ग्रुप से ममता पोरवाल द्वारा अपनी सेवाएं दी गई व सदस्यों ने शिविर में अपना योगदान दिया । दोनों संस्थाओं द्वारा शिविर में रक्तदान करने आये रक्तदाताओं का आभार माना गया ।



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड। सरपंच कनीराम चौहान ग्राम पंचायत जलोदिया उन्हेल के द्वारा नारायण सिंह डोडिया के पुत्र ग्राम खिमलाखेडि वाले को एवं शंकर लाल जी पिता हिंदू जी ग्राम खिमलाखेडि वाले को शासन नियम अनुसार 5000 की अंत्येष्टि राशि देते हुए आज दिनांक 2 / 7 /2023**

## प्रभु प्रेमी संघ आज मनाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराजजी की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के सभी अनुयायी आज 3 जुलाई सोमवार को शाम 4.30 बजे गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनायेंगे। संस्था के अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि लोकमान्य तिलक स्कुल नीलगंगा रोड़ पर होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे तथा गुरू पूजन करेंगे।

## शिव पार्वती संवाद के अनुसार की गुरु तत्व की विवेचना




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गायत्री शक्तिपीठ पर गुरु पूर्णिमा की पूर्व बेला में रविवार को दोपहर गुरु गीता के शिव पार्वती संवाद के अनुसार गुरु तत्व की विवेचना शिरिश टिल्लू एवं रमेश चंद्र लेवे ने प्रस्तुत की। नरेन्द्र सिंह सिकरवार ने गुरु गीता और युग निर्माण सत्संकल्प की समानता संबंधित विवेचना की। सांयकाल दीप यज्ञ के साथ माधुरी सोलंकी एवं विनीता गुप्ता ने पर्व संकल्प कराया।

## 2005 में लगाया बरगद का नन्हा पौधा अब बन गया वटवृक्ष



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरू पूर्णिमा 2005 में लगाया लगाया बरगद का नन्हा पौधा अब निगम वटवृक्ष बन गया है। पीएचई गऊघाट पर बरगद का नन्हा पौधा गमले से बाहर निकालकर 2005 में राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग के जिला समन्वयक डॉ. प्रवीण जोशी ने लगाया था। डॉ. जोशी ने वृक्षमित्र बन इसको बड़ा किया। डॉ. प्रवीण जोशी के गुरुजी स्व. डॉ. श्याम सुंदर निगम ने उन्हें यह पौधा उपहार में दिया था।

## कलेक्टर कार्यालय को आवंटित भूमि का किया जाए सीमांकन

**लोकतंत्र सेनानी संघ जिलाध्यक्ष ने की शिकायत**

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में भू-माफियाओं की सक्रियता इतनी अधिक बढ़ चुकी है कि शासकीय भूमि को भी अपने कब्जे में कर हथियाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। लोकतंत्र सेनानी संघ जिलाध्यक्ष रमेश परमार द्वारा की गई एक शिकायत से राजस्व महकमे में खासी खलबली मची हुई है। परमार ने मुख्यमंत्री सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियो व पदाधिकारियो से शिकायत कर जिला मुख्यालय पर स्थिति संयुक्त कलेक्टर कार्यालय को आवंटित भूमि का सीमांकन कराए जाने की मांग की है।



पर.मार द्वारा मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में बताया गया कि वर्ष 2013 में आगर प्रदेश के 51वें जिले के रूप में अस्तित्व में आया था और उसके बाद कलेक्टर कार्यालय के लिए भूमि आवंटित की गई है। कलेक्टर कार्यालय के लिए आवंटित शासकीय भूमि को भू-माफिया गिरोह द्वारा तथाकथित राजस्व कर्मचारियो से मिलीभगत कर रकबे में हैराफेरी की गई है। इस संबंध में पहले भी शिकायत की गई थी लेकिन कार्रवाई करने की अपेक्षा तात्कालीन अधिकारियों ने अवैध कब्जे के संदर्भ में संबंधितो को महज पत्राचार के माध्यम से चेतावनी देकर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर ली गई और भू-माफिया गिरोह के राजनीतिक दबाव में उक्त प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कलेक्टर कार्यालय के लिए आवंटित भूमि का भौतिक सत्यापन एवं सीमांकन, वर्तमान कब्जे की स्थिति का आंकलन करते हुए अतिक्रमण हटाते हुए संबंधित भू-माफियाओ के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। परमार ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय के लिए जो भूमि आवंटित की गई थी उस भूमि के एक हिस्से पर स्वयं की भूमि बताकर अवैध रूप से बिक्री की गई है। इस संबंध में तात्कालीन कलेक्टर डीव्ही सिंह द्वारा कार्रवाई करने की शुरूआत की गई थी लेकिन उस कार्रवाई को किन्ही कारणो की वजह से शिथिल कर दिया गया। परमार द्वारा की गई इस शिकायत से समुचे राजस्व महकमे में खासी खलबली मची हुई है। यदि कलेक्टोरेट परिसर का वास्तविक सीमांकन होता है तो कई तरह के राज उजागर होने के आसार भी बन सकते है।

## खाटू श्याम मंदिर में आज मनेगा गुरु पूर्णिमा उत्सव



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज 3 जुलाई सोमवार को सद्गुरुदेव गुरु पूर्णिमा पर खाटू श्याम के विशेष दर्शन होंगे। गुरु पूर्णिमा उपलक्ष में राजाधिराज बाबा महाकालेश्वर की नगरी पारदेश्वर महादेव मंदिर सिद्ध आश्रम उज्जैन में विराजे श्री श्याम जी (खाटू नरेश) का सुबह से पुष्पमाला से सुंदर श्रृंगार दर्शन रहेंगे। सरोज अग्रवाल, तरुण मित्तल, सुरेंद्र जोशी, सुनील अग्रवाल, राजेश सारडा, विजय गोयल, सुधा अग्रवाल, एवं समस्त श्री श्याम सेवा समिति श्री श्याम मंदिर सिद्धा आश्रम उज्जैन ने गुरु पूर्णिमा पर खाटू श्याम के विशेष दर्शन के लाभ लेने की अपील की है।

## प्रशासन के आश्वासन पर जैन समाज का मौन आंदोलन स्थगित




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नयापुरा मंदिरजी के विषय पर नयापुरा ट्रस्ट मंडल और निगम प्रशासन के बीच हुई बैठक में समन्वय पर बातचीत हुई। बैठक में चल रहे निर्णयों के अमल में आने तक समाजजनों द्वारा 4 जुलाई को होने वाले मौन प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

ट्रस्ट मंडल के देवेन्द्र पाटनी ने बताया कि यदि नयापुरा दिगबंर ट्रस्ट मंडल की भावनाओं के अनुरूप क्रियान्वयन नही होता है तो दोगुनी ताकत के साथ संपुर्ण देश एवं प्रदेश का जैन समाज पुनः आंदोलन करने के लिये बाध्य होगा। इस आंदोलन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त समाज जन, अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संस्थाओं का धन्यवाद भी ट्रस्ट मंडल ने व्यक्त किया है।

दरअसल नयापुरा के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर को तोड़ने का नोटिस प्रशासन द्वारा भेजा गया था जिसके विरोध स्वरूप जैन समाज ने 4 जुलाई को आंदोलन करने का निर्णय लिया था। इसके पश्चात से प्रशासन द्वारा मंदिर ट्रस्ट मंडल तथा समाजजनों से चर्चा की गई, जिसमें समन्वय पर बातचीत हुई इसलिए फिलहाल आज 4 जुलाई को होने वाले आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

### गुरु पूर्णिमा पर आज निकलेगा भगवान बटुक भैरव का चल समारोह

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चक्रतीर्थ स्थित श्री बटुक भैरव मंदिर पर गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनायी जाएगी। भगवान बटुक भैरव का भव्य रूप से चल समारोह निकलेगा। उसके पश्चात महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा।मन्दिर के प्रमुख पुजारी वरुण तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बटुक भैरव मन्दिर पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा।

## पवित्र नवकार महामंत्र से हम, विश्व की सभी शुध्द आत्माओ को नमन करते है : अशोक संघवी

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** चातुर्मास का प्रथम दिवस बहुत ही महत्व का होता है । इसे चौमासी पक्खी के रूप में जप एवं तप ज्ञानाधाराओ से मनाया जाता है । 2 जुलाई को चातुर्मास प्रारंभ हुआ है। इस पावन दिवस पर धर्म आराधनाऐ तपाराधनाऐ ज्ञानाधाराऐ पूरे चातुर्मास काल में चलती रहे , इस भावना से धर्मधारा संस्था थांदला द्वारा मध्य प्रदेश राजस्थान गुजरात के 23 शहरों में स्वाध्यायो को धर्माराधनाओ के लिए भेजा । इस अवसर पर कोद में, बदनावर के स्वाध्यायी एव अभिभाषक अशोक संघवी एवं मनीष बोकडिया ने कोद श्री वर्धमान जैन स्थानक संघ में आयोजित धर्मसभा अपने विचार व्यक्त किये।

श्री संघवी ने कहा कि चातुर्मास आत्म कल्याण का पर्व होकर पवित्र समय है । जिसमें संत भगवंत एक स्थान पर रहकर धर्म आराधनाऐ,तपाराधनाऐ करते हैं करवाते हैं ।आत्मा का कल्याण हो, चातुर्मास के समय का सदुपयोग धर्माराधनाओ मे किया जाना चाहिए ताकि हमारा समय सार्थक हो, समझ परिपक्व हो। हमें भगवान महावीर चलाए मार्ग पर चलना है। पूज्य आचार्य भगवंतउमेशमुनि जी का सानिध्य मिला है। पवित्र नवकार मंत्र जो महामंत्र हमारे मानव जगत के लिए कल्याण का मंत्र है । इसमें श्रद्धा कर जीवन को सफल बनाना चाहिए।

इस अवसर पर मनीष बोकड़िया ने ने फरमाया कि धर्म के लिए चातुर्मास श्रेष्ठ अवसर है । इसका लाभ सबको लेना चाहिए । इस अवसर पर आचार्य सुबोध स्वामी के जीवन परिचय का वर्णन किया। सभा का संचालन मनोहर पोखरना एवं प्रभावना प्रकाश चंडालिया व आतिथ्य सत्कार का लाभ दिलीप पोखरणा ने लिया । बालक लक्ष चण्डालिया ने इच्छाकरेणं सुनाया। श्रावक श्राविकाओ ने उपवास, एआसन के प्रत्याख्यान लिये ,व दोपहर को जाप का आयोजन किया व शाम को प्रतिक्रमण किया। जानकारी श्रीसंघ अध्यक्ष सुशील भंडारी द्वारा प्रेषित।

# नारायणगढ़ पुलिस पर झूठा डोडाचूरा प्रकरण बनाने का आरोप

## कांग्रेस व ग्रामीणौ ने की जांच कर उचित कारवाही की मांग

**मन्दसौर/नारायणगढ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना क्षेत्र के ढाबला गांव के पास नदी की तरफलम्बे समय से बडे स्तर पर घोडी दाने का खेल चल रहा था शुक्रवार शाम को पुलिस ने दबिश देकर घोडी दाने वाले को पकडा था जिस मामले में पुलिस पर घोडी दाने वाले को एनडीपीएक्ट में फ्सााने का आरोप लगा। जिस मामले मे ग्रामीणो ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोतमसिंह सोलंकी से चर्चा कर मामला की निःपक्ष जांच करवाने की मांग की। जानकारी के अनुसार ढाबला मे नदी के रास्ते पर 40-50 लोग घोडी दाना खेल रहे थे जहां पुलिस ने घेराबन्दी कर 22 लोगो को पकडा था व उनके खिलाफ घोडीदाने का प्रकरण बनाया था तो वही पुलिस ने 2 लोग श्यामलाल पिता भोनीराम कलाल निवासी ढाबला व जाहीद पिता जुम्मा पठान का 60 किलो डोडाचुरा का प्रकरण बनाया गया। ग्रामीणो का आरोप है कि जब घोडीदाने खेल रहे थे तो घोडीदाने के बजाय एनडीपीएक्ट का कैस क्यो बनाया गया इस मामले में रविवार को



ग्रामीणो ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोतमसिंह सोलंकी को ज्ञापन देकर निःपक्ष कारवाही की मांग की है। फ र्जी केस बनाने का आरोप लगाकर किया विरोध'ः-नारायणगढ पुलिस पर ढाबला के ग्रामीणो ने एनडीपीएक्ट मे फर्जी फ्सााने का आरोप लगाया तो ग्रामीणो के साथ कांग्रेस नेता ने भी ज्ञापन दिया। इस अवसर पर भोपालसिंह सोलंकी, परशुराम सिसोदिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# भानपुरा की बहू प्रियंका जांगड़े बॉलीवुड एक्टर सारा खान द्वारा झालावाड़ में सम्मानित



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भानपुरा की बहू प्रियंका जांगड़े वंशिका ब्यूटी पार्लर संचालिका व नवभारत शिक्षण प्रशिक्षण संस्था से नाम मात्र की फीस लेकर बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर कोर्स सिखाया जाता है। जोकि गत 5 वर्षो से नवभारत शिक्षण प्रशिक्षण संस्था के माध्यम से चलाया जा रहा है। झालावाड़ जिले में नवभारत शिक्षण व प्रशिक्षण द्वारा सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि बॉलीवुड एक्टर सारा खान द्वारा भानपुरा की बहू प्रियंका जांगड़े पति लोकेश कुमार जांगड़े को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। गत वर्ष भी संस्था द्वारा प्रियंका जांगड़े को गोल्ड मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। जो की भानपुरा नगर के लिए गौरव की बात है।

## कलेक्टर श्री दिनेश जैन आज करेंगे ई-जनसुनवाई

# नीमच जनपद क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होंगे



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन आज 3 जुलाई सोमवार को प्रातः 10 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करेंगे। कलेक्टर श्री जैन ई-जनसुनवाई में नीमच जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत रेवली-देवली, गिरदौड़ा, भाटखेड़ा, भादवामाता एवं जमुनियाकला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

# जिले में औसत 206 मि.मी.वर्षा दर्ज

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।**, जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक 206 मि.मी.वर्षा हुई है। नीमच में 201 मि.मी.,जावद में 214 मि.मी.एवं मनासा में 203 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में औसत 47.6 मि.मी. वर्षा हुई थी। इसमें नीमच में 46 मि.मी.,जावद में 51 मि.मी.एवं मनासा में 46 मि.मी.वर्षा हुई थी। जिले में 2 जुलाई 2023 को प्रात्8 बजे समाप्तष हुए, पिछ्ले 24 घण्टे6 में औसत 13 मि.मी.वर्षा हुई है। नीमच में 3 मि.मी.,जावद में 1.00 मि.मी.एवं मनासा में 6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# जिले की समस्त कॉलोनियों की बगीचों की भूमियों का भौतिक सत्यापन हो-भाटी

## पूरे जिले में अनेक जगह बगीचों की भूमियों की अफ्ररा-तफ्ररी की शिकायत किन्तु ठोस कार्यवाही नहीं

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** टीएंडसी विभाग द्वारा तय मापदंडो के अनुरूप कागज में भले ही कॉलोनियो का विकास होता हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ ओर ही कहानी बयां करती है। मंदसौर जिले में टीएनसी के नियमो के अनुसार कागज में भले ही बगीचो का निर्माण एवं अस्तित्व हो लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अनेक जगह कॉलोनियो में बगीचो की भूमियो पर अतिक्रमण हो चुके है या फ्रि कॉलोनाईजरो द्वारा उक्त भूमियो का विक्रय हो चुका है, ऐसी स्थिति मे प्रशासन को नगर नगरिय निकाय एवं अन्य सक्षम विभाग के साथ मिलकर कॉलोनियो की भूमियों का भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिये।

यह बात जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता सुरेश भाटी ने कही। उन्होनें कहा कि कॉलोनियो में स्थित बगीचे सावर्जनिक उपयोग एवं आम नागरिको के लिये होते है लेकिन लगातार इन बगीचो पर कब्जे या फ्रि बगीचो की भूमियो के स्वामित्व संबंधी दावे- प्रतिदावे सामने आते रहे है, इस स्थिति में जिला प्रशासन एवं नगरिय निकाय प्रशासन द्वारा इन बगीचो का भौतिक सत्यापन किया जाना चाहिये। भाटी ने कहा कि मंदसौर नगर में अनेक स्थानो पर कॉलोनियो की बगीचो की भूमियो को लेकर विवाद की स्थिति है, ऐसी ही स्थिति लगातार अन्य स्थानो पर दिखायी देती है जिसका मुख्य कारण संबंधित कॉलोनाईजरो द्वारा बगीचो की भूमियो का विक्रय या फ्रि आकार के मामले में पारदर्शिता नही होना है। उन्होनें कहा कि मंदसौर शहर में लंबे समय से अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय द्वारा कॉलोनियो के विकास के दौरान भौतिक सत्यापन सिर्फकागज में करने संबंधी शिकायत आती रही है। इसके अलावा बिना भौतिक सत्यापन के नगर पालिका मंदसौर द्वारा भी कॉलोनियो के हेड ओवर सहित अन्य कई मामले लगातार मिडीया की सुर्खिया रहे है जिसके चलते निश्चित रूप से आम नागरिको के लिये उपयोगी बगीचो की भूमियो का भौतिक सत्यापन अति आवश्यक है। उन्होनें मध्यप्रदेश शासन के नगरिय निकाय प्रशासन से मांग की है कि वे कॉलोनियो के बगीचो की भूमियो का भौतिक सत्यापन की कार्यवाही करे ताकी बगीचो पर अतिक्रमण चिन्हित हो सके।

# मुख्यमंत्री व 150 देशो के प्रतिनिधियो की उपस्थिति में एसडीएम शिवानी गर्ग ने जी-20 summit मे स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रोजेक्ट्स का प्रेजेंटेशन किया

## कम उम्र मे लगाई छलांग, नगरवासियो ने की प्रशंसा

**सिंगोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** (सतीश सैन)छोटी उम्र में मन में लगन व जज्बा हो तो सब कार्य सम्भव है। एसा ही एक वाक्या भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर परिसर में देखने को मिला जहां मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं लगभग 150 देशो के प्रतिनिधियो की उपस्थिति में दो दिवसीय ÷जी-20 summit" 2023 सम्मेलन में जावद अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी (एसडीएम) शिवानी गर्ग के द्वारा त्-20 सेवा summit में जावद में संचालित स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे प्रोजेक्ट्स का प्रेजेंटेशन किया गया एवं नीमच का एक बड़े प्लेटफार्म पर प्रतिनिधित्व करके जिले का गौरव प्रदेश में रोशन किया। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलो व जनपद क्षेत्रो के प्रतिनिधियो ने ताली बजाकर शिवानी गर्ग का अभिवादन किया। जावद नगर की और से योगी युवा वाहिनी राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सम्पादक नारायण सोमानी, नीमच जिला प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, पत्रकार ओमप्रकाश कसेरा, नोशाद अली, समाजसेवी अंकुर बिकानेरीया, सुशील काबरा, बट्टू जैन व सिंगोली से पत्रकार सतीश सैन सहित नगरवासियों ने बधाई देकर एसडीएम शिवानी गर्ग के उज्जवल भविष्य की कामना।




## गुरु पूर्णिमा 2023

# गुरु के चरणों में नमन को तैयार सिंगोली तहसील के रलायता व समस्त क्षेत्रवासी

### गुरु पूर्णिमा पर भागवताचार्य पंडित राजेश राजोरा महाराज द्वारा दीक्षा व गुरुमंत्र लेकर प्रवचन सुनेंगे अनुयायी

**सिंगोली (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिला मुख्यालय से 80 किलो मीटर की दूरी पर स्थिति सिंगोली तहसील के ग्राम रलायता में गुरू पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यंहा तेजाजी महाराज मन्दिर परिसर पर गत दिनों रलायता व समस्त क्षेत्र वासियो के सामूहिक निर्णय अनुसार सुप्रसिद्ध ख्यातिनाम भागवताचार्य पंडित राजेश राजोरा महाराज साहब का आशीर्वाद लेकर कर सैकड़ो भक्त गुरु दीक्षा ग्रहण करेंगे ।

रलायता व समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा मिली जानकारी अनुसार सोमवार 3 जुलाई 2023 को हमारे गुरुदेव भागवत भूषण पंडित राजेश राजोरा महाराज की असीम कृपा व आशीर्वाद के चलते रलायता स्थित तेजाजी महाराज मन्दिर परिसर में



गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा

सोमवार को प्रातः 10 बजे परम पूज्नीय गुरुदेव राजेश राजोरा के मुखारबिंद से प्रवचन व संगीतमय भजनों की प्रस्तुतियां के बाद 11 बजे गुरु पूजा एवं गुरु दीक्षा के बाद दोपहर 12 बजे महाआरती की जायेगी। गुरु पूर्णिमा आयोजन से पूर्व भागवताचार्य पंडित राजेश राजोरा महाराज ने दूरभाष पर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की गुरु पूर्णिमा का पर्व 3 जुलाई2023 को सम्पूर्ण देश मे मनाया जायेगागुरु हमारे जीवन के मार्ग दर्शक होते है । यदि कुंडली मे गुरु उच्च और प्रबल स्थान पर है तो हमे कार्यो में सफलता ,यश और कीर्ति की प्राप्ति होती है । कुंडली मे गुरु को मजबूत करने के लिए गुरु पूर्णिमा पर गुरु की पूजा जरूर करना चाहिए।

गुरु पूर्णिमा प्राचीनकाल से ही आषाढ़ पूर्णिमा पर गुरु पूजन की परंपरा चल आ रही है, क्यो की इसी दिन महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था । गुरु पुर्णिमा के दिन शिष्य अपने गुरुओं की पार्थना करते है औरउनसे आशीर्वाद लेते है , इस साल गुरु पूर्णिमा पर कई शुभ योग बन रहा है । इसमें गुरु दीक्षा लेने से जीवन मे सुख सफलता प्राप्त होगी।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुमित सेन पिता स्व. प्रदीप सेन उर्फ बिट्टू आयु 27 वर्ष आधार नं. 748145357555 निवासी कॉलोनी शुजालपुर, वार्ड क्र. 14 जगन्नाथपुरी का जिला शाजापुर मननानी करने अथवा उसके लिए गए बुरे बर्ताव के कारण मैं और मेरा परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ित है. इस हेतु मैं संबंध विच्छेद की आधिकारिक सूचना के माध्यम से मेरे पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों एवं पारिवारिक रिश्तों से बेदखल करती हूं, तथा आज दिनांक के पश्चात सुमित सेन का मेरे परिवार पर कोई हक एवं अधिकार नहीं रहेगा, मेरे द्वारा मेरे पुत्र सुमित सेन से हमारे पूरे परिवार ने संबंध विच्छेद कर लिया है. अब मेरा और मेरे परिवार का सुमित सेन से कोई लेन-देन नहीं है. आज दिनांक के पश्चात उसके साथ या उसके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई घटना-दुर्घटना, गैर कानूनी, अवैधानिक इत्यादि किया जाता है या उसके द्वारा उक्त घटनाएं की जाती हैं अथवा वह किसी से भी कोई संव्यव्हार करते हैं, इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार व जबाबदार होंगे. इस बाबत मेरा या मेरे परिवार का कोई दायित्व या जिम्मेदारी नहीं रहेगी. सो सूचित हो.

दिनांक 28/06/2023
इन्द्रा सेन पति स्व. प्रदीप सेन
पता - वार्ड क्र. 14 जगन्नाथपुरी कॉलोनी शुजालपुर
जिला शाजापुर (म.प्र.)
मो. न. 8035387766

## 6 फिट लंबे मगरमच्छ का रेस्क्यू

# वन विभाग के दो वन रक्षक 40 फिट गहरे कुए में उतरकर रस्सी से बांधा, 5 घण्टे की मसक्कत के बाद निकाला जा सका

### थडोद गांव के कुएं में दिखा मगरमच्छ, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तहसील क्षेत्र के ग्राम थडोद में ब्राह्मणी नदी किनारे समीप किसान के खेत में बने कुएं में उतरकर शनिवार को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर 6 फीट का मगरमच्छ पकड़ा। जिसे बाद में गांधी सागर बांध में छोड़ा गया।



वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, सिंगोली से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम थडोद जंहा ब्राह्मणी नदी के किनारे स्थित किसान रामेश्वर पिता रामचन्द्र बलाई का खेत है। जिसमें शनिवार को ग्रामीणों ने मगरमच्छ को विचरण करते देखा तो गांव के लोग दहशत में आ गए।

कुएं में मगरमच्छ की खबर तेजी से फ़ैल गई। जिसको देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। किसान ने कुएं में मगरमच्छ होने की जानकारी वन विभाग को दी।जैसे ही वन विभाग को मिली जानकारी के तुरंत बाद रेंजर पीएल गहलोत व सिंगोली ताल के डिफ्टिरेंजर बाबूलाल दायमा के निर्देशानुसार

वन विभाग के वनपाल भूपेंद्र बैरागी , सदा शिव धाकड़ व सुरक्षाकर्मी रमेश , घीसालाल अपनी टीम में शामिल और अन्य सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे।मगरमच्छ को पकड़ने के लिए रेस्क्यू की शुरुआत की गई और कुएं में जाल डाला गया। करीब पाँच घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को जाल के सहारे कुएं से बाहर निकाल लिया गया। 6 फीट लंबे मगरमच्छ को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से अपने वाहन में रखा और उसे छोड़ने के लिए गांधी सागर चंबल नदी की ओर रवाना हो गई।वन रक्षक भूपेंद्र बैरागी व सदाशिव धाकड़ ने जान हथेली पर रखकर 40 फिट गहरे कुए उतरकर सुरक्षित मगरमच्छ को पकड़कर बहार निकालने पर उपस्थित ग्रामीणों ने उनकी काफी सराहना की गई ।बताया जा रहा है कि खेत के समीप ब्राह्मणी नदी और उससे लगा खेत कुआ होने की वजह से मगरमच्छ पानी के बहाव में कुएं तक आ पहुंचा होगा।

# मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना बैच 2: जिले से 45 युवाओं का किया जाएगा चयन

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा युवाओ के विकास के लिए महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना÷ के बैच 2 शुभारम्भ किया गया है। यह सरकारी योजना मध्य प्रदेश के युवाओ के लिए है। इस योजना के तहत हर विकासखंड में 15 और प्रदेश भर में 4695 युवाओ का चयन किया जायेगा। जिसमें से 45 इंटर्न ( सीएम जन सेवा मित्र) का चयन नीमच जिले के लिए किया जाएगा, जो नीमच जिले के मूल निवासी हैं ढ्ढ जिनको इस योजना के तहत विकास योजनाओं का कार्य अनुभव दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पिछ्ले 2 वर्षो में , न्यूनतम 50 प्रतिशत से स्नातक , स्नातकोत्तर उत्तीर्ण आवेदक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 02 जुलाई 2023 से 10 जुलाई तक ऑनलाइन वेबसाइट https://services.mp.gov.in/main/citizen/services/ui#intr/appl4 आवेदन कर सकते है। इस योजना के द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र÷ बनने का मौका मिलेगा। चयनित उम्मीदवारों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 8000 रूपये का स्टायपेंड दिया जायेगा। इंटर्नशिप की कार्यवधि 6 माह की होगी।

## सार समाचार

# वन विभाग परिसर में गुरु पूर्णिमा पर आरती एवं अभिषेक होगा

**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर वन विभाग साईं मंदिर परिसर में इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के पर्व पर महाआरती एवं अभिषेक किया जायेगा। वन विभाग साईं मंदिर के पुजारी रामचंद्र पंड्या ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर साईं मंदिर पर अभिषेक एवं हवन एवं महा आरती का आयोजन वन विभाग साईं मंदिर भक्त मंडल द्वारा रखा गया है। महाआरती एवं प्रसादी शाम 6:00 बजे वन विभाग साईं मंदिर पर रखी है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों ने वात्सल्यधाम एव विक्षिप्त महिला आश्रयग्रह का दौरा किया




**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मुख्यमंत्रीयूथ इंटर्नशिप फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत शनिवार को मंदसौर जनपद क्षेत्र के इंटर्न रेवास देवड़ा रोड़ स्थित वात्सल्यधाम एवं विक्षिप्त महिला आश्रयग्रह का दौरा किया गया। फ्ल फ्रूट वितरण कर वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया। इंटर्न मनीषा मारू, चंदा बैरागी, जनता गुजर, प्रियंका बैरागी, चिराग नामदेव, दीपक चौधरी, प्रिंसी गुप्ता, चंचल विश्वकर्मा, दीपक भाटी, लक्षणसिंह, राहुल सिसोदिया आदि ने वृद्धजनों के समक्ष समय व्यतीत किया एवमं उनकी दिनचर्या, खाने-पीने, स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं, वृद्धा पेंशन पर चर्चा की। साथ ही शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मंदसौर ब्लॉक के सभी जन सेवा मित्र उपस्थित थे।

# पेंशनर महासंघ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न, बनी रणनीति



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मंदसौर की जिला कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संघ अध्यक्ष श्रवण कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रमेशचन्द्र चन्द्रे, डेकेअर सेंटर समन्वयक डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, नगर अध्यक्ष अशोक रामावत के मार्गदर्शन एवं जिला सचिव नंदकिशोर राठौर, नगर सचिव चन्द्रकांत शर्मा, सहसचिव कन्हैयालाल सोनगरा, कोषाध्यक्ष अभय भटेवरा, महिला उपाध्यक्ष चन्द्रकला सेठिया की उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्रीय इकाईयों की सदस्यता अभियान, मासिक बैठक, सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियां एवं बैठकों से प्राप्त समस्याओं की जानकारी प्रस्तुत की। डे केअर सेंटर की तथा महिला विंग की जानकारी एवं समस्याओं की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। संघर्ष रूपरेखा प्रभारी पुराणिक ने कहा कि संघर्षों से ही समाधान मिलते है। इसलिये हमें अपने मांगों के लिये तहसील जिला एवं भोपाल स्तर पर प्रदर्शन करने पड़ेंगे। आपने मध्यप्रदेश सरकार के लिये तहसील स्तर पर 'हल्ला बोल' जिला स्तर पर 'दिल खोल' तथा भोपाल स्तर पर 'धावा बोल' प्रदर्शन आगामी दिनों में करने की रणनीति बनाई।

# एनएसयूआई ने स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा है कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में सावरकर को पढ़ाया जाएगा। इसके विरोध में एनएसयूआई द्वारा बड़े बालाजी मंदिर मन्दसौर में शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करते हुए यज्ञ किया गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रितिक पटेल द्वारा कहा गया की आजादी की लड़ाई में जिस व्यक्ति ने अंग्रेजों से लिखित में माफी मांगी उस व्यक्ति को उसकी किस बहादुरी के लिए स्कूलों के पाठ्यक्रम में जानकारी डाली जाए और क्यों पढ़ाया जाए। युवा कांग्रेस जिला सचिव श्रीद पांडेय ने कहा कि सत्ता के मद में भाजपाजनों की बुद्धि काम नहीं कर रही है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहे है ये बेमतलब के बयान एवं घोषणाएं कर रहे है जमीनी स्तर पर उन घोषणाओं की कोई हकीकत नहीं। जिसका जवाब जनता आगामी चुनावों में देगी। इस अवसर पर आदर्श जोशी, हरीश पाटीदार, मंथन धनोतिया, तरुण बारौला, कपिल सुरावत, हरिओम बैरागी, यश श्रीवास्तव, मुकेश शर्मा सहित एनएसयूआई के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# समर्पण कावड़ यात्रा के लिए भगवामय हुई अवंतिका नगरी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 5 जुलाई को निकलने वाली समर्पण कावड़ यात्रा के पूर्व पूरे उज्जैन शहर को भगवामय किया जा रहा है। इंदौर रोड़, देवास रोड़ सहित अन्य मार्गों पर समर्पण सेवा समिति द्वारा 5 हजार से अधिक झंडे लगाए जा रहे हैं। इस कावड़ यात्रा के पहले पूरा शहर भगवा झंडो से पट जाएगा। राम भागवत ने बताया कि श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर ईश्वरानंदजी महाराज (श्री उत्तम स्वामीजी) के सानिध्य में श्रावण मास के प्रारंभ में ÷समर्पण कावड़ यात्रा÷ 5 जुलाई को सुबह 9 बजे त्रिवेणी से प्रारंभ होगी जो टावर चौक, देवास गेट, दौलतगंज चौराहा, कंठाल चौराहा, गोपाल मंदिर होते हुए महाकाल मंदिर पहुंचेगी।


# सम्पादकीय

## घातक मलबे का उपचार

विकास का मलबा जब घूरने लगा तो यह कानूनी तौर पर एक बड़ा मसला बनता हुआ नजर आ रहा है। किरतपुर से नेरचौक तक बढ़ती हुई फोरलेन ने सदियों के मुकाम खोज डाले हैं, लेकिन ऐसी कनेक्टिविटी के आर्थिक अर्थों के साथ-साथ कुछ भौगोलिक शर्तें भी नत्थी हैं और इन्हीं की व्याख्या करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने संबंधित विभाग से पूछा है कि आखिर मलबे को लेकर उसके इंतजाम क्या हैं। एनएचएआई ने वन विभाग की शिकायत पर जंगल में मलबा फेंकने के एवज में जुर्माना भरा था, लेकिन अदालत इस मसले को जुर्माने की हकीकत से ऊपर देख कर पूछ रही है कि असली उत्तर तो मलबे को स्थायी रूप से ठिकाने लगाने से ही मिलेगा। बेशक अदालत के पास एक फोरलेन के मलबे को लेकर मामला आया है, लेकिन यह पूरे प्रदेश में चल रहे विकास से जुड़ा अहम प्रश्न है। कमोबेश हर सडक़, विद्युत परियोजना, शहरीकरण, आवासीय निर्माण तथा राज्य की गतिविधियों के कारण हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियां इतना मलबा पैदा कर रही हैं कि हमें इसके वैज्ञानिक निपटारे के साथ-साथ इसकी डंपिंग की योजना बनानी होगी। जिस राज्य में कूड़े-कचरे के निपटारे का प्रबंधन भी आफत बना हो, वहां हर निर्माण से जुड़ा मलबा और भी घातक हो सकता है। काफी वर्ष पहले चंबा की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं के कारण रावी का बहाव परेशानी पैदा कर गया था। कुछ इसी तरह बरसाती मलबे के कारण जल निकासी भयंकर शक्ल अख्तियार करने लगी है।बड़े-बड़े बांध और छोटी-छोटी वाटरशेड परियोजनाएं अपने भीतर इतनी गाद या मलबा समाहित कर चुकी हैं कि इसके कारण जल भंडारण या जल रिसाव के प्राकृतिक रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध हो चुके हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सडक़ों के किनारे जल शक्ति, विद्युत तथा स्वयं पीडब्ल्यूडी के कारण हर तरह के विकास का मलबा खड़ा हो जाता है। वन विभाग भले ही वन महोत्सव की परंपरा में पर्यावरणीय संदेशों की गर्दन ऊंची कर दे, लेकिन मानव बस्तियों तक उसके मलबे का उत्पात भी कम कसूरबार नहीं। ऐसे में वन विभाग के सहयोग से ही हिमाचल का नवनिर्माण सुव्यवस्थित होगा। कहना न होगा कि शहरी विकास को सुव्यवस्थित करने की अधिकतम परियोजनाएं वनापत्तियों में फंसी हैं। सबसे खतरनाक पहलू यह भी है कि वन विभाग की अड़चनों के कारण शहरों का कूड़ा कचरा प्रबंधन निश्चित शक्ल अख्तियार नहीं कर रहा। इस संबंध में कूड़ा निष्पादन की कई परियोजनाएं अगर वन विभाग के अड़ियल व फिजूल की प्रक्रिया में फंसी रहेंगी, तो विनाश तय है। प्रदेश में विकास की सार्वजनिक व निजी गतिविधियों के ग्रामीण एवं शहरी विकास योजनाओं का तालमेल कुछ इस तरह से होना चाहिए कि हम अगली सदी की चुनौतियों का समाधान कर सकें।अगर निर्माण के हर पहलू से फैलते मलबे का बारीकी से अध्ययन करें, तो वर्तमान जीवनशैली की भौगोलिक जरूरतों का दबाव कहीं अपने अंधेरों से ही उलझा हुआ प्रतीत होता है। कायदे से हर शहर और हर गांव तक को भविष्य में डंपिंग एरिया तय करने होंगे। ये एरिया सामान्य भूमि से नहीं, बल्कि वन भूमि से ही हासिल होंगे। यानी कहीं फोरलेन या विद्युत परियोजना बन रही है, तो इसी के अनुरूप वन विभाग की जमीन से डंपिंग ग्राउंड को भूमि उपलब्ध करानी पड़ेगी। हर शहर अगर भविष्य की निगरानी में डंपिंग ग्राउंड तैयार करे, तो आगामी वर्षों में यह स्थल सार्वजनिक जरूरतों के विकल्प में इस्तेमाल हो सकते हैं। जाहिर है जिस वन विभाग की चेतना से फोरलेन का शैतान मलबा सामने आया, उसी की योजना व उदारता से ही इसका वैज्ञानिक निपटारा भी होगा। हिमाचल के भविष्य, मानवीय गतिविधियों और विकास के आकार में राज्य की निर्भरता वन भूमि पर बढ़ती जाएगी, बेहतर होगा हिमाचल के ऐसे भौगोलिक, सामाजिक व अस्तित्व के प्रश्न पर वनों से इतनी भूमि तो वापस मांगी जाए ताकि विकास अंधा न हो जाए।

गुरु पूर्णिमा विशेष

## सद्गुरु वही जो साहिब से मिलाए



सत्य के साधक, परमात्मा को प्राप्त करने और जीवन के संघर्षों से पार पाने के लिये सदैव सच्चे गुरू की खोज में रहते हैं, लेकिन कई बार इस प्रयास में वे झूठे गुरूओं के चंगुल में फंस जाते हैं। एक सच्चे गुरू की सबसे बड़ी पहचान ये है कि वह आपको परमात्मा से मिलाता है अर्थात वह आपकी कुंडलिनी को जागृत करके आपका सबंध परमात्मा की सर्वव्याप्त शक्ति से स्थापित करवाता है। एक बार जब गुरू नानकदेव जी से पूछा गया कि सच्चा गुरू कौन है तो उन्होंने कहा साहब मिलिहें सो ही सद्गुरू अर्थात जो आपको परमेश्वर से मिलाये वही सच्चा सद्गुरू है अन्यथा सब बेकार हैं। उन्होंने इन गुरूओं को अगुरू और कुगुरू की श्रेणियों में भी बाँटा है। उन्होंने बताया कि सद्गुरू ही सच्चे गुरू होते हैं, जो आपको परमपिता परमेश्वर या दैवीय शक्ति से मिलाते हैं।

### एक सद्गुरू के गुण

**1. आप अपने गुरू को खरीद नहीं सकते।**

एक सच्चे गुरू को एक माता की भाँति अपने शिष्यों के कल्याण और धार्मिक शिक्षा का पूरा दायित्व लेना चाहिये। गुरू ही अपने शिष्य को ब्रहमचैतन्य से जोड़ता है। आप उसको खरीद नहीं सकते। यदि आप किसी गुरू को खरीदते हैं तो वह आपका दास हो सकता है, लेकिन गुरू कभी नहीं हो सकता।

**2. एक गुरू को उच्च कोटि की साक्षात्कारी**

आत्मा और अत्यधिक विकसित या उत्क्रांतित होना चाहिये। मानवीय चेतना और परमेश्वरी चेतना के बीच बहुत बड़ा अंतराल या गैप होता है, जिसको पूर्ण गुरू के अतिरिक्त अन्य कोई भी नहीं भर सकता है। आज पूर्णिमा का दिन है और पूर्णिमा का अर्थ है पूर्ण चंद्रमा। गुरू को संपूर्ण व्यक्तित्व होना चाहिये, जो अपने शिष्यों को परमेश्वरी ज्ञान और विधानों के विषय में बता सके और उनकी समझ को उस स्तर तक ऊँचा उठा सके, जिससे वे उन विधानों को समझ सकें।

**3. गुरु को तपस्वी होने की आवश्यकता नहीं है।**

यदि आप पूर्व के सभी गुरूओं के जीवन को देखें तो आप पायेंगे कि वे सभी विवाहित थे, उनके बच्चे थे और वे सामान्य लोगों की तरह से जीवन जीते थे। गुरू को न तो तपस्वी होने की और न ही जंगलों में जाकर रहने की आवश्यकता है। वह एक सामान्य गृहस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है और वह एक राजा भी हो सकता है। उनके लिये जीवन की इन बाह्य और व्यर्थ धारणाओं का कोई अर्थ नहीं है।

नीचे सत्य के साधकों के लिये महत्वपूर्ण बिंदु दिये जा रहे हैं, जिनसे से वे निर्णय ले सकते हैं कि कौन सच्चा गुरू है और कौन झूठा।

1. गुरू के साथ आपके अनुभव कैसे रहे? आपको बताये गये कोई भी क्षणिक अनुभव दैवीय नहीं हो सकते। आपको प्रभावित करने के उद्देश्य से आपको दिखाये जाने वाले विज़न या दृश्य, ध्वनियाँ, भविष्यवाणियाँ, प्रभामंडल, हवा में तैरना, मृतकों के साथ बातचीत और इसी प्रकार की अन्य गतिविधियाँ या करतब अत्यंत भ्रामक होते हैं और ये निसंदेह बहुत खतरनाक हो सकते हैं।

2. यदि वह गुरू आध्यात्मिक मार्ग पर चलने हेतु आपको अपने परिवार और संपत्ति को त्यागने का निर्देश देता है, तो निश्चित रूप से आपके लिये यह खतरनाक हो सकता है। अतः ऐसे गुरू से सावधान हो जाइये।

3. यदि आपके गुरू आपको किसी खास तरह की वेशभूषा अपनाने या किसी विशेष आसन या मुद्रा आदि में बैठने, मंत्रजाप या किसी विशेष तरह की अँगूठी या कोई आभूषणादि पहनने को कहते हैं? आपको जान लेना चाहिये कि परमात्मा इन सब व्यर्थ की चीज़ों से परे हैं और उनके लिये, आपकी उनको प्राप्त करने की शुद्ध इच्छा शक्ति ही अधिक महत्व रखती है।

4. यदि वह एक धर्म को दूसरे से श्रेष्ठ बताते हैं तो इसका अर्थ है कि वे धर्म के नाम पर केवल पाखंड फैला रहे हैं।

5. यदि आपके गुरू आपको व्यभिचार, यौन स्वतंत्रता या ब्रह्मचर्य की ओर उन्मुख कर रहे हैं, तो फिर निश्चित रूप से आप गलत स्थान पर आ गये हैं। साधना के मार्ग पर चलने के लिये आपको अनेकों शुभकामनायें। सहज योग परिवार की ओर से गुरु पूर्णिमा की ढेरों शुभकामनाएं नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# 1 जुलाई से सिंह राशि में हुआ मंगल का गोचर, 12 राशियों पर क्या होगा इसका प्रभाव

### शास्त्रों की बात जाने धर्म के साथ

वैदिक ज्योतिष में मंगल को ग्रहों का सेनापति और योद्धा माना गया है मंगल रक्त का कारक है और किसी भी व्यक्ति के साहस और पराक्रम को प्रदर्शित करता है 1 जुलाई को रात में मंगल सिंह राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य की राशि में जब मंगल प्रवेश करेंगे तो इसके प्रभाव से सभी 12 राशियां प्रभावित होगी आइए जानते हैं आपकी राशि पर इसका क्या प्रभाव होगा?

**मेष राशि**

मेष राशि के जातकों के लिए मंगल लग्नेश और अष्टम भाव के स्वामी होते हैं और मंगल का गोचर आपके पांचवें स्थान में होगा। इस भाव में गोचर कर रहे मंगल अष्टम भाव एकादश भाव और द्वादश भाव को प्रभावित करेंगे मंगल के गोचर के कारण छात्र वर्ग को बहुत अच्छे परिणाम प्राप्त होने की उम्मीद है। इस समय अगर आप किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो इसमें आपका चयन हो सकता है। यह समय गूढ़ विद्याओं और ज्योतिष सीख रहे छात्रों के लिए भी उपयोगी समय साबित होगा। इस समय व्यापारी वर्ग, रियल स्टेट और प्रॉपर्टी के काम में लगे हुए जातकों को अच्छा लाभ होने की उम्मीद है। अगर आप कई दिनों से विदेश जाने की सोच रहे हैं तो आप के लिए अच्छा समय है। आयात और निर्यात से जुड़े व्यापारियों को भी अच्छा लाभ होने की उम्मीद दिखाई दे रही है।

**वृषभ राशि**

वृषभ राशि के जातकों के लिए मंगल द्वादश और सप्तम भाव के स्वामी होते हैं और अब मंगल का गोचर आपके चौथे भाव में होगा। मंगल के गोचर का आप पर अनुकूल प्रभाव होता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। इस भाव में विराजमान मंगल की पूर्ण दृष्टि सप्तम, दशम और एकादश भाव पर होगी। इस समय मंगल की गोचर से आपको थोड़ा मानसिक तनाव भी संभव है। इस समय प्रॉपर्टी और रियल स्टेट में काम कर रहे जातकों को धन की समस्या से जूझना पड़ सकता हैं। आपके कार्यस्थल पर आपके सहयोगी इस समय आप के खिलाफ थोड़ी साजिशें भी कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में भी थोड़े तनाव की आशंका दिखाई दे रही है। इस समय आप को यह सलाह दी जाती है कि अगर आप साझेदारी में कोई काम शुरू करना चाहते हैं तो अभी उसे नहीं करें। इस समय आप अब आपको अपने स्वास्थ्य का भी थोड़ा ध्यान रखना होगा।

**मिथुन राशि**

मिथुन राशि के जातकों के लिए मंगल एकादश और छठे भाव के स्वामी होते हैं। मंगल अब 1 जुलाई से आप के तीसरे भाव में गोचर करेंगे जो कि साहस और पराक्रम का भाव है। मंगल की चौथी दृष्टि आपके छठे भाव पर, सप्तम दृष्टि आपके नवे भाव पर और अष्टम दृष्टि आपके दशम भाव पर होगी। मंगल के इस गोचर से मिथुन राशि के जातकों के साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। इस समय रियल स्टेट और प्रापर्टी के काम से जुड़े हुए जातकों को अच्छा लाभ होगा। इस समय आपके शत्रु आपके सामने प्रभावहीन होते हुए दिखाई देंगे। आप इस समय अपने शत्रुओं का समूल नाश करने में समर्थ होंगे। इस समय आपको अपने भाग्य का पूरा साथ भी मिलेगा। अपने पिता के सहयोग से कोई अधूरा काम आपका पूरा हो सकता है। इस समय सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को अपने अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यस्थल पर आप अच्छे कार्य करेंगे और आपका प्रमोशन भी हो सकता है।

**कर्क राशि**

कर्क राशि के जातकों के लिए मंगल दशम और पंचम भाव के स्वामी होते हैं और मंगल का गोचर आपके दूसरे भाव यानी कि धन स्थान में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल अपने दृष्टि से आपके पंचम, अष्टम और नवम भाव को प्रभावित करेंगे। मंगल के इस गोचर के कारण आपको पैतृक व्यवसाय में लाभ होने की उम्मीद है। अगर आप अपने पिताजी का काम संभाल रहे हैं तो व्यापार वृद्धि होने के पूरे योग दिखाई पड़ रहे हैं। इस समय आपको सलाह दी जाती है कि किसी भी कोर्ट केस में ना उलझे और अपनी वाणी का बहुत संयमित तरीके से इस्तेमाल करें। किसी से कटु वचनों का प्रयोग ना करें। इस समय आपके प्रेम संबंधों में थोड़ी खटास आने की उम्मीद है। शेयर मार्केट में निवेश कर रहे हैं जातक सोच समझकर ही धन को निवेश करें। वाहन सावधानी से चलाएं चोट लगने की संभावना बन रही है। इस समय आपको अपने पिता का सहयोग मिलेगा और आप किसी धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**सिंह राशि**

सिंह राशि के जातकों के लिए मंगल भाग्य स्थान और चौथे भाव के स्वामी होते हैं और मंगल का गोचर आपके लग्न में ही होगा। इस भाव में विराजमान मंगल अपनी दृष्टि से चौथे, सप्तम और अष्टम भाव को प्रभावित करेंगे। मंगल के गोचर के कारण आपके व्यक्तित्व में एक अलग ही प्रकार का निखार आएगा और आप ऊर्जा से सराबोर महसूस करेंगे। इस समय अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का उचित समय है और समाज में भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। मंगल के गोचर के प्रभाव से आप किसी प्रॉपर्टी को खरीदने का सौदा पूरा कर सकते हैं। इस समय आप आपकी मां की सेहत को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे। वैवाहिक जीवन में मंगल की गोचर के कारण थोड़े तनाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं हालांकि अधिक हानि नहीं होगी। फिर भी आपको सलाह दी जाती है कि अपनी पत्नी के साथ किसी भी प्रकार के मतभेद को जन्म नाम लेने दें। इस समय आपको ससुराल पक्ष से किसी भी प्रकार का कोई आर्थिक लेन-देन नहीं करना है। अपने मित्रों पर भी अतिरिक्त भरोसा नहीं करना है। किसी को भी धन उधार ना तो दें और ना ही किसी से लें। अगर आप अपनी नौकरी बदलना चाह रहे हैं तो समय आपके लिए अनुकूल हैं।



धर्म

पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**कन्या राशी**

कन्या राशि के जातकों के लिए मंगल तीसरे और अष्टम भाव के स्वामी होते हैं और अब मंगल का गोचर आपके द्वादश भाव यानी कि व्यय भाव में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल की पूर्ण दृष्टि आपकी तीसरे, छठे और सप्तम भाव पर होगी। इस भाव में मंगल के होने से आपको व्यर्थ की यात्राएं करनी पड़ सकती है और इस समय आपके आर्थिक रूप से थोड़े कमजोर होने के भी संकेत दिखाई दे रहे हैं। इस समय आपको अपनी नौकरी में मनचाहा प्रमोशन नहीं प्राप्त होगा जिसके कारण आपका मन थोड़ा खिन्न रहेगा। अगर आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो यह समय अनुकूल नहीं है। इस समय आप अति उत्साह में आकर ऐसा कोई भी काम ना करें जो भविष्य में आपको दिक्कता दे। इस समय भाई बहनों के साथ का तनाव भी संभव है। आपको इस समय सलाह दी जाती है कि आप अपनी पत्नी की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला राशि**

तुला राशि के जातकों के लिए मंगल दूसरे और सप्तम भाव के स्वामी होकर मारक होने का कार्य करते हैं। इस राशि के जातकों के लिए मंगल का गोचर एकादश भाव यानी कि लाभ स्थान में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल अपनी दृष्टि से आपके दूसरे, पंचम और छठे भाव को प्रभावित करेंगे। मंगल के इस गोचर के कारण इस समय आपकी साजिदारी की कोई डील आगे बढ़ सकती है। अगर आप साझेदारी में कोई काम शुरू करना चाहते हैं पर काफी समय से अटका पड़ा हुआ था तो अब मंगल के इस गोचर में वह आपका काम पूरा हो जाएगा। इस समय शेयर मार्केट में काम कर रहे हैं जातको को अच्छा लाभ होने की उम्मीद जताई जा सकती है। इस समय आपको सलाह दी जाती है कि आप किसी भी प्रकार के कोर्ट कचहरी के विवाद में ना पड़े हालांकि आपके शत्रु इस समय में उतने प्रभावी नहीं होंगे। नौकरी पेशा जातकों को इस समय अच्छा लाभ होने की उम्मीद है। सरकारी नौकरी कर रहे हैं जातकों को को अपने उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि**

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए मंगल लग्नेश और छठे भाव के स्वामी होते हैं। इस राशि के जातकों के लिए मंगल का गोचर अब दशम भाव यानी कि कर्म भाव में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल की दृष्टि आपके लग्न, चतुर्थ और पंचम भाव को प्रभावित करेगी। मंगल का यह गोचर आपके लिए अनेक सफलता लेकर आने वाला है। इस समय कार्यस्थल पर न सिर्फ आपका सम्मान होगा बल्कि आपके उच्च अधिकारी आपको प्रमोशन के उपहार से भी सम्मानित कर सकते हैं। इस समय आपका मान सम्मान बढ़ा हुआ रहेगा और आप कठिन से कठिन लक्ष्यों को भी अपनी बुद्धि और में मेहनत के दम पर प्राप्त करेंगे। मंगल के इस गोचर के कारण आपके घर में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है और आप अपने घर के ऊपर खर्च भी कर सकते हैं। अपने परिवार के किसी सदस्य को कोई कीमती उपहार भी दे सकते हैं। मंगल का गोचर आपके प्रेम के जीवन के लिए भी अच्छा रहेगा। इस समय अपने प्रेमी के साथ आप कहीं बाहर घूमने भी जा सकते हैं।

**धनु राशि**

धनु राशि के जातकों के लिए मंगल पंचम और द्वादश भाव के स्वामी होते हैं और अब मंगल का गोचर आपके भाग्य स्थान में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल की चौथी दृष्टि आपके द्वादश भाव पर, सप्तम दृष्टि आप के तीसरे भाव पर और अष्टम दृष्टि आप के चौथे भाव पर होगी। इस भाव में विराजमान मंगल के कारण आपकी धार्मिक यात्राएं होगी और आपके गुरुओं का आपको सहयोग प्राप्त होगा। इस समय विदेश से जुड़े जातकों को अच्छा लाभ होने की उम्मीद है एवं आयात और निर्यात से जुड़े व्यापारी इस समय अच्छा लाभ अर्जित करने में सफल रहेंगे। अगर आप अपनी शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहते हैं तो समय अनुकूल है, इस समय आपके भाइयों का आपको साथ मिलेगा और अगर कोई पैतृक संपत्ति का विवाद था तो वह भी सुलझ सकता है। इस समय आप अपने परिवार के लोगों के ऊपर खर्च कर सकते हैं। किसी वाहन या किसी भवन को खरीद सकते हैं अथवा तो आपके घर में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मकर राशि**

मकर राशि के जातकों के लिए मंगल चौथे और एकादश भाव के स्वामी होते हैं। और अब मंगल का गोचर आपके अष्टम भाव यानी कि आकस्मिक घटनाओं के भाव में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल की पूर्ण दृष्टि आपके एकादश भाव, धन भाव और तीसरे भाव पर होगी। इस भाव में मंगल के गोचर के कारण आपको कोई चोट लग सकती है। इस समय आपको सलाह दी जाती है कि आप अपने वाहन को सावधानी से चलाएं। व्यापारी वर्ग के लिए यह समय अनुकूल नहीं कहा जा सकता है। इस समय आपको अपने व्यापार में धन की कमी से जूझना पड़ सकता है। इस समय पारिवारिक कलह के भी संकेत दिखाई पड़ रहे हैं। आपको अपनी वाणी को संयमित रूप से प्रयोग में लाना होगा। कहीं ऐसा ना हो कि आपके कटु वचनों के कारण आपका किसी से कलह हो जाए। इस समय आपके साहस और पराक्रम में थोड़ी कमी दिखाई दे सकती है। इस समय आपको आर्थिक लेनदेन में भी सावधानी रखनी होगी।

**कुंभ राशि**

कुंभ राशि के जातकों के लिए मंगल तीसरे और दशम भाव के स्वामी होकर राजयोग कारक होते हैं और अब मंगल का गोचर आपके सप्तम भाव यानी की साझेदारी के भाव में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल अपनी दृष्टि से आपके दशम,लग्न और धन स्थान को प्रभावित करेंगे। मंगल का यह गोचर व्यापारी वर्ग के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। इस समय आपको ना सिर्फ नया निवेश प्राप्त होगा बल्कि आपके व्यापार का विस्तार भी होगा। साझेदारी में कोई काम शुरू करना चाहते हैं तो समय अच्छा है। इस समय आपके परिवार में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी भी दी जा सकती है। हालांकि आपको अपनी पत्नी की सेहत का ख्याल रखना होगा। अगर कोई कोर्ट केस चल रहा था तो आप उसका निर्णय भी आपके पक्ष में आ सकता है। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को इस समय प्रमोशन प्राप्त हो सकता है। छात्र वर्ग के लिए भी यह समय बहुत अच्छा है। अगर आप शोध के विषय में विदेश जाना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए सही मायनों में अनुकूल है।

**मीन राशि**

मीन राशि के जातकों के लिए मंगल दूसरे और भाग्य स्थान के स्वामी होते हैं और अब मंगल का गोचर आप के छठे भाव यानी कि शत्रु स्थान में होगा। पाप ग्रह मंगल के बारे में यह सर्वविदित है कि मंगल का गोचर छठे भाव में बेहद शुभ परिणाम देने वाला होता है। मंगल के इस गोचर से आपको आपकी नौकरी में मनचाहा प्रमोशन प्राप्त हो सकता है। इस समय आपके शत्रु पूरी तरीके से नष्ट होने वाले हैं। मंगल की दृष्टि भाग्य स्थान पर जाने के कारण आपको इस समय भाग्य का साथ भी मिलेगा। इस समय आपको विदेश जाने का मौका भी मिल सकता है। हो सकता है कि किसी काम के सिलसिले में आपको यात्राएं करनी पड़े और इन यात्राओं से आपको भविष्य में अच्छा लाभ हो। मंगल की दृष्टि लग्न पर भी जा रही ही है इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप का साहस और पराक्रम बड़ा रहेगा आपके समाज में आपको मान सम्मान प्राप्त होगा और आप एक टीम लीडर की तरह अपने कार्य को संपादित करेंगे।

**3 जुलाई 2023- नौकरी, व्यवसाय के लिए लाभदायी रहेगा आज का दिन, पढ़ें अपनी राशि**

**मेष राशि**

आज का भविष्यफल नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें। परोपकार में रुचि बढ़ेगी।

**उपाय-लाल चंदन भगवान सूर्यदेव को अर्पण करें.**

**शुभ अंक -8**

**शुभ रंग -लाल**

**वृषभ राशि**

आज का राशिफल शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा। लापरवाही से काम न करें।

**उपाय-सफेद वस्त्र दान करे.पत्नी एवम माँ का सम्मान करें.**

**शुभ अंक -2**

**शुभ रंग -नीला**

**मिथुन राशि**

आज का राशिफल यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**उपाय-हरा वस्त्र दान करे किसी जरूरतनन्द को.**

**शुभ अंक -6**

**शुभ रंग -पिच कलर**

**कर्क राशि**

आज का राशिफल कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार से समाज में सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**उपाय-मोती एवम चाँदी दान करे अपनी पत्नी अथवा माता जी को.**

**शुभ अंक- 3**

**शुभ रंग -आसमानी**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य ¬** कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। विलासिता के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**उपाय¬ लाल चंदन,लाल पुष्प भगवान भाष्कर को अर्पित करे.**

**शुभ अंक- 5**

**शुभ रंग -केसरिया**

**कन्या राशि**

आज का राशिफल चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। पारिवारिक जीवन तनावपूर्ण रहेगा।

**उपाय-गोशाला में गाय को अपने वजन के बराबर हरा चारा अर्पित करे.**

**शुभ अंक- 3**

**शुभ रंग -सी ग्रीन**

**तुला राशि**

आज का राशिफल जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा। सरकारी मसले सुलझेंगे। सकारात्मक सोच बनेगी।

**उपाय-अपनी बहन को स्वेत वस्त्र उपहार स्वरूप दे.**

**शुभ अंक -2**

**शुभ रंग- नीला**

**वृश्चिक राशि**

आज का राशिफल बेरोजगारी दूर होगी। विवाद न करें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। अनायास धन लाभ के योग हैं। व्यापार में वांछित उन्नति होगी।

**उपाय-श्री हनुमान कवच का पाठ करना आपके लिए हित प्रद रहेगा.**

**शुभ अंक- 1**

**शुभ रंग -लाल**

**धनु राशि**

आज का राशिफल रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा हो सकती है।

**उपाय-गुरु माता का नवीन वस्त्र गुरुवार को आदर सहित दान दे.**

**शुभ अंक -9**

**शुभ रंग - हल्दी कलर**

**मकर राशि**

आज का राशिफल बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी। आय में कमी होगी। किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी। राज्यपक्ष से लाभ होगा। अपने काम से काम रखें। दांपत्य सुख प्राप्त होगा।

**उपाय-? हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट स्वाहा मंत्र का नियमित जाप करे.**

**शुभ अंक -7**

**शुभ रंग- सफेद**

**कुंभ राशि**

आज का राशिफल मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है। नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। व्यर्थ संदेह न करें।

**उपाय-काली वस्तु का दान करे.पक्षियों को दाना खिलावे**

**शुभ अंक- 8**

**शुभ रंग- नीला**

**मीन राशि**

आज का राशिफल मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। व्यर्थ समय नष्ट न करें। रुका पैसा मिलेगा।

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

गुरु पूर्णिमा विशेष

# गुरु शिष्य की परंपरा अति प्राचीन

भारत मे गुरु शिष्य की परमपरा बहुत ही प्राचीन है,और यह परम्परा सदियों से चली आ रही है, जो आज भी हमे देखने को मिलती है। भारतीय प्राचीन इतिहास में जब हम वेद,पुराण,गीता-भागवत,महाभारत ,रामायण के पन्ने पलटते है तो यह भान होता है की उस युग मे चाहे वह सतयुग हो,त्रेता हो,दुवापर हो या कलयुग सभी युगों में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा,और सरोपरी माना गया है, और इसी गुरू के मार्गदर्शन में सारे धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक, आधात्मिक, कार्य सम्पन्न हुआ करते थे। गुरु शिष्य परमपरा के इतिहास में चाहे वह गुरु वेदव्यास और गणेश जी हो,चाहे विश्वामित्र भगवान राम हो,चाहे सांदीपनि और कृष्ण हो,चाहे द्रोणाचार्य और पांडव तथा एकलव्य हो,चाहे चाण्क्य और चन्द्रगुप्त हो,चाहे उद्दालक और आयोदधौम्य हो सभी में हम यह पाते हैं कि यहां पर गुरु और शिष्य की परम्परा सरोपरी ही रही,सभी ने इस परंपरा का बहुत सुंदर रीति से परिपालन किया,और गुरु से ज्ञान प्राप्त कर गुरु दक्षिणा के रूप में उस ज्ञान को पुनःबांट देते थे।और गुरु को ऊंचा मानते हुए अपना सर्वस्व समर्पित करते थे -

**गुरु ही ब्रम्हा गुरु ही विष्णु**
**गुरुर देवो महेष्वरः।**
**गुरु ही साक्षात परब्रम्ह**
**तस्मै श्री गुरवे नमः।।**

यहां पर गुरु देवो से बड़े परब्रम्ह के रूप में माना गया। गुरु का शाब्दिक अर्थ अज्ञानता रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरु दो वर्णो के मेल से बना है पहला वर्ण ÷गु÷ अर्थात अज्ञानता का अंधकार।और दूसरा वर्ण है ÷रु÷अर्थात ज्ञान का प्रकाश।गुरु वह है जो हमे भौतिकता से उठाकर आध्यात्मिकता की ओर ले जा सके,अज्ञानता से प्रकाश की ओर ले जा सके।अर्थात हमे ज्ञान के उस उच्च शिखर पर ले जाये जहां, दिव्य ज्ञान का साक्षात कार हो सके,और हम अपने आप को मोक्ष के दुवार पर ले जा सके तभी तो कबीर कहते हैं-

**सद्गुरु की महिमा अनन्त,**
**अनन्त किया उपगार।**
**लोचन अनन्त उघाडिया,**
**अनन्त दिखावन हार।।**

गुरु की महिमा का इस बात से भी स्पस्ट होता है कि सभी युगों में गुरु को सरोपरी स्थान दिया गया है, गुरु ही हमे ईस्वर,अध्यात्म सभी के बारे में ज्ञान कराया,गुरु के बिना हम निरर्थक हैं-


**इसीलिए कहा गया-**

**गुरु गोविंद दोउ खड़े,**
**काके लागू पाँय।**
**बलिहारी गुरु आपनो**
**गोविंद दियो बताया।।**

भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य की परंपरा अति प्राचीन है, इसमें गुरु अपने आध्यात्म ज्ञान को अपने शिष्यों को प्रदान करते रहे हैं।ज्ञान का क्षेत्र विशाल है जहा कला-संगीत साहित्य,ज्योतिष,धर्म,विज्ञान,जीव-आत्मा आदि के बारे में ज्ञान दिया जाता रहा है।

भारतीय इतिहास में गुरु को एक समाज सुधारक के रूप में भी देखा जाता रहा है जो समाज मे आदर्श, नैतिकता, मर्यादा, संस्कार, और नई चेतना का संचार करता था इसीलिए गुरु अर्थात शिक्षक को ब्रम्हा, विष्णु, महेश से भी बड़ा माना गया।गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने गुरु-शिष्य परम्परा को 'परम्पराप्राप्तम योग' बताया है। गुरु-शिष्य परम्परा की नीव सांसारिकता से शुरू होकर आध्यात्मिक सार्वभौम परम् आनंद की प्राप्ति है, और इसी को मोक्ष या परमधाम कहते हैं।और सभी मानव जीव का एक यही अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।गुरु ज्ञान का प्रकाश फैलाने हाथ मे ज्ञान का मशाल लेकर खड़ा है,जो अपने शिष्यों को मोह माया को तिलांजली देकर मोक्ष प्राप्त करने अपने साथ चलने का आह्वान करता है।अर्थात गुरु एक मशाल का प्रतीक है और शिष्य एक प्रकाश का।और इसीलिए कबीर कहते हैं-

**कबीरा खड़ा बाजार में,**
**लिया मुराड़ा हाथ।**
**जो घर जारय आपना**
**चलय हमारे साथ।।**



-अशोक पटेल 'आशु'

# मेंटेनेंस के नाम पर खाली कर रहे शासन का खजाना, शहर की बिजली व्यवस्था के हाल बेहाल

**जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने की बिजली कंपनी तानाशाही पर रोक लगाने की मांग**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मटोलिया ने बिजली कंपनी की तानाशाही और मनमानी पर लगाम लगाने की मांग शासन से की है। क्योंकि हर बार वर्षा ऋतु के पूर्व मेंटेनेंस किया जाता है, बिजली गुल की जाती है ताकि बारिश में बिजली की समस्या न हो। लेकिन यहां तो मेंटेनेंस के नाम पर केवल सरकार का खजाना ही खाली किया जा रहा है।**



श्री मटोलिया ने बताया कि बिजली कंपनी की मनमानी और तानाशाही से आमजनता परेशान हैं ओर मामूली बारिश व हवा से ही बिजली गुल हो रही है। जबकि हाल ही में बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस किया गया जिसके नाम पर भीषण गर्मी में बिजली गुल की गई। जिसका कोई फायदा लोगों को नहीं मिल रहा है। हालात ये हैं कि मेंटेनेंस के बाद भी दिन में सात से आठ बार बिजली गुल हो रही है। बारिश के दिनों में बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी होती है। खासकर रात में अंधेरा होने पर जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है जिससे कभी भी अनहोनी हो सकती है। श्री मटोलिया ने शासन से मांग की है कि बिजली कंपनी के तानाशाही रवैय और मनमानी पर रोक लगाई जाए ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

### नहीं सुनते अधिकारी, लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

केवल मेंटेनेंस में ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं की शिकायत का निराकरण भी कंपनी द्वारा समय पर नहीं किया जाता। पहला तो क्षेत्रीय बिजली कंपनी के लोग शिकायत सुनते नहीं और फोन भी नहीं लगता। इसके बाद यदि कोई अधिकारी शिकायत सुनने के लिए मिल भी जाता है तो वह उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं जिससे विवाद की स्थिति बन रही है। इतना ही नहीं बिजली के बिलों में भी अनियमित्ता बरती जाती है। किसी को कम रीडिंग का बिल थमा दिया जाता है तो किसी को ज्यादा बिल दिए जाते हैं जिससे उपभोक्ताओं का काफी समय बिलों में सुधार करवाने में ही निकल जाता है। श्री मटोलिया ने यह भी मांग की है कि बिजली खराब होने की शिकायत स्थानीय स्तर पर हो, अधिकारी-कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार हो, शहर में तीन वाहनों की व्यवस्था की जाए ताकि खासकर बारिश में समस्या का समय पर निराकरण हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का समधान शीघ्र नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## कथक नृत्य कार्यशाला का समापन

**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से नृत्यांतर संगीत कला संस्थान द्वारा 15 दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का समापन संस्था परिसर, फ्रीगंज में किया गया। कथक नृत्यांगना हीना वासेन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा इन 15 दिनों में सीखी नृत्य की संरचनाओं की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। संस्था की अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# शाम से देर रात तक चला बारिश का दौर, अब तक 7 इंच हुई बारिश

**अब 6 जुलाई से बनेगा नया सिस्टम, तब तक बारिश की संभावना नहीं**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बारिश और बादलों ने शहर का रुख कर लिया है। लगातार बारिश का दौर जारी है। शनिवार रात को भी शहर में कभी बूंदाबांदी तो कभी मूसलाधार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। इसके पहले यहां नाम मात्र की ही वर्षा हुई थी। यहां तक कि बोवनी के लायक भी पानी नहीं बरसा था।




शुक्रवार रात से मौसम में बदलाव शुरू हुआ और बादलों ने शहर का रुख कर लिया। नतीजतन शनिवार से बादल मेहरबान होने लगे हैं। हालांकि दोपहर तक भी बारिश की कोई संभावना नहीं थी लेकिन शाम होते ही जिले के अन्य क्षेत्रों के साथ साथ शहर में भी बारिश शुरू हो गई जो रात 12 बजे तक जारी रही। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार शाम से रात तक 3 इंच और 1 जून से अब तक करीब 7 इंच वर्षा हो चुकी है। शनिवार रात को बारिश थमने के बाद से अब तक बूंदाबांदी भी नही हुई। वहीं, मौसम विभाग की माने तो अब 5 जुलाई या उसके बाद ही नया सिस्टम एक्टिव होगा। इसके पहले बारिश की संभावना नहीं है। रविवार को भी सुबह से मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई। दोपहर बाद भी आसमान में बादल छाए हुए हैं। सोमवार से मौसम खुलने के भी आसार हैं।

### अब 6 से बनेगा नया सिस्टम

रात में हुई बारिश ने गर्मी व उमस से राहत दिला दी। लेकिन अब इसके बाद बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोति ने बताया कि अब आगामी नया सिस्टम 6 से बनेगा जो 10 जुलाई तक एक्टिव रहेगा। इस दौरान भी मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

## सहज योग केन्द्र पर श्री माता जी निर्मलादेवी का पूजन कर मनाया गुरू पूर्णिमा पर्व



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर लालपुरा स्थित आर्य समाज भवन में सहजयोग ध्यान केन्द्र के साधको द्वारा सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मलादेवी की गुरू स्वरूप में पूजा की गई। सहजयोग ध्यान केन्द्र के पूर्व नगर समन्वयक राजेन्द्र रिणवा ने बताया कि मनुष्य के अंदर स्थित सात चक्रो में से तीसरे चक्र नाभि चक्र के आसपास भवसागर की स्थिति है, जिसमें आध्यात्मिक रूप से दस गुरूओं की शक्ति कार्य करती है, जिसे जागृत कर साधक भवसागर से पार कहलाता है। ध्यान के दौरान इन गुरूओं की जागृति के माध्यम से मनुष्य को गुरूपद मिलता है और उसके तत्वों से आम मानव पल्लपित और पोषित होता है। असली गुरू वही है जो साधक को साहिब या मालिक अथवा परमात्मा से योग कराकर मिलाऐं और उसकी अनुभूति का अहसास कराये। सहजयोग की नगर समन्वयक संगीता भावसार ने बताया कि गुरू पूजा के दोरान श्री आदिगुरू दत्तात्रय के 108 मांत्रिक नाम व भजनों के माध्यम से तीन घंटे तक साधकों ने पूजा की। केन्द्र के साधक ज्योतिप्रकाश माथुर, पूर्वी जैन, रीति वैद्य, सोनल सक्सैना आदि ने पूजा विधि सम्पन्न कराई। इस दौरान केंद्र से जुड़े अनेक नियमित साधक उपस्थित थे।

# नगर कोतवाल के दरबार मे आज लगेगा आस्था का मेला

**भैरव डूंगरी पर उमड़ेगा जनसैलाब**








**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में सोमवार को गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्यालयों सहित संस्थानों में गुरू की महिमा का बखान होगा तो गुरूजनों का सम्मान भी किया जाएगा। इसके अलावा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भैरव डूंगरी पर नगरवासी भी पहुंचकर वहां विराजित नगर कोतवाल को आस्था का भोग लगाएंगे।

गुरूपूर्णिमा पर्व पर दिनभर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला नगर में आयोजित की जाएगी। बापू की कुटिया पर चल रहे यज्ञ की भी सोमवार को पूर्णाहूति होगी और प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके अलावा शहर के नित्यानंद आश्रम पर भी गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। तो नगर स्थित भैरव डूंगरी पर भी दिनभर लोगों का तांता लगा रहेगा। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी द्वारा बाबा भैरव नाथ जी का श्रृंगार कर उनका अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दिनभर लोग दर्शन हेतु बाबा भैरव नाथ के दरबार पहुंचेंगे। वहीं शाम को महाआरती भी होगी।

### नगर में नहीं आता कोई संकट

गुरूपूर्णिमा पर्व का शहरवासियों के लिए बहुत महत्व रहता है। खासकर भैरव डूंगरी के प्रति लोगो की अटूट आस्था है। मान्यता है कि जब से यहां भेरू महाराज की स्थापना हुई है तभी से नगर में कोई संकट नहीं आया। जिसके चलते उन्हें नगर कोतवाल भी कहा जाता है जो नगर के मुहाने पर स्थित डूंगरी पर मौजूद रहकर शहर की सुरक्षा करते हैं। यही वजह है कि हर साल यहां लोगों का सैलाब उमड़ता है जो बाबा भैरव नाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

## श्री सद्गुरु योगेंद्र शीलनाथ धूनी संस्थान ट्रस्ट द्वारा आज मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री सदगुरू योगेन्द्र श्री शीलनाथ धूनी संस्थान ट्रस्ट मल्हार के प्रबंधक सुरेश गोखले ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 3 जुलाई, सोमवार को मल्हार में स्थित श्रीमंत सदगुरू योगेन्द्र श्री शीलनाथ महाराज की तपोभूमि पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। प्रातः 7.30 बजे गुरू महाराज की प्रतिमा का अभिषेक, पूजन व आरती सम्पन्न होगी। तत्पश्चात प्रात- 9.30 पर महाआरती की जाकर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शाम 7.30 बजे आरती होगी। तत्पश्चात रात्रि 8.30 बजे से गुरू महाराज के भजन होंगे। ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत भल्ला, ट्रस्टीगण भगवान सिंह चावड़ा, राजेन्द्र महंत, महेन्द्र सिंह पडियार एवं सेवा समिति के सदस्यों आदि ने भक्तजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी का लाभ लेवे।

## महिला की अज्ञात कारणों के चलते मौत, पुलिस जुटी जाँच में

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिलावली क्षेत्र में एक महिला की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। परिजन आज सुबह उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार सुशिला पति मुकेश उम्र 45 निवासी बिलावली की अपने घर पर तबियत खराब हुई उसके बाद पति द्वारा उसे रविवार सुबह जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पति मुकेश जाटव ने बताया कि रात को परिवार के सभी लोग खाना खाकर अलग-अलग सोए थे। चिल्लाने की आवाज आई में गया और देखा तो सुशिला के मुंह से उल्टी हो रही थी। उसके बाद उसे में अस्पताल लेकर पहुंचा। घर में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ। इधर मृतिका के मायके पक्ष के लोगों का कहना है कि सुशिला से कल रात को ही फोन पर बात हुई थी। वह हमारी मां से मां से बात करना चाहती थी लेकिन फोन कट गया था। सुबह उसकी मौत की खबर मिली। घर में कुछ विवाद हुआ होगा तभी इस प्रकार का कदम उठाया नहीं तो दो बच्चों की मां इस प्रकार से सुसाइड नहीं करती। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। संभवत- महिला ने जहरीला पदार्थ खाया है। मृतका के शव का पीएम होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी की महिला की मौत कैसे हुई।

## मां चामुंडा की टेकरी पर गुरुपूर्णिमा पर उमड़ेगा श्रद्धा का जनसैलाब

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सर्वोच्च शक्ति मां तुलजा भवानी, मां चामुंडा के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं के मां के दर्शनार्थ आने की संभावना है। रविवार को भी दिनभर मां के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं का टेकरी पर तांता लगा रहा। मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि पूर्व में गुरु पूर्णिमा असाढ़ी पूर्णिमा पर 3 दिन का मेला नगर निगम की ओर से लगाया जाता था। लेकिन कुछ वर्ष पूर्व धीरे धीरे कर मेला लगाना बंद कर दिया गया है। श्री जलोदिया ने बताया कि मां चामुंडा टेकरी पर स्थित शीलनाथ महाराज गुफा, उदासीन अखाड़ा पूर्णानंद जी महाराज, नारायण कुटी सन्यास आश्रम पर गुरु परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की जाएगी। जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। साथ ही रणवीर हनुमान मंदिर श्रीराम शरणम आश्रम में भी सत्संग जाप ध्यान का कार्यक्रम रखा गया है। सभी भक्त जनों को सादर आमंत्रित किया गया।

## कलयुगी बेटों से परेशान पिता ने गटका जहर !

**बुजुर्ग ने पीया कीटनाशक, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के ग्राम चांदगढ़ तहसील टोंक खुर्द में रहने वाले सवलाल पिता प्यार जी गुर्जर ने रविवार को जहरीली दवा पी ली। उन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल देवास उपचार हेतु लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा सवलाल का उपचार किया गया। हालांकि अब उसकी हालत स्थिर है। जिला अस्पताल में सवलाल जानकारी देते हुए बताया कि मैंने मेरे पांच बेटों में 30 बीघा जमीन का हिस्सा कर दिया। जिसमें मैंने सभी को पांच 5-5 बीघा जमीन दी थी और 5 बीघा मैंने मेरे पास रखी थी। लेकिन मेरे दो बेटों ने मेरे हिस्से की जमीन पर कब्जा कर लिया है। जिससे मेरे पास कुछ भी नहीं है। इसी के चलते मैंने आज सुबह कीटनाशक पी लिया और जो बेटा मेरा पालन-पोषण करता है उसके साथ भी वह मारपीट गाली-गलौज करते हैं। इसको लेकर पूर्व में कई जगह में शिकायत भी कर चुका हूं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और मुझे इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## लायंस क्लब उज्जैन सुरभि की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

**प्रभा बैरागी अध्यक्ष, लायन हेमलता ओझा सचिव, सविता गुप्ता कोषाध्यक्ष मनोनित की गई »»सेवा का किया सम्मान, विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रदान किया**



**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** लायंस क्लब उज्जैन सुरभि का संस्थापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें वर्ष 2023-24 की नई कार्यकारिणी के शपथ अधिकारी एम.जे.एफ लायन आर.जी. पाठक थे। एमजेएफ लायन भवानदास ऐरन द्वारा नवीन सदस्य को लायन वाद की शपथ दिलाकर लायन सदस्य बनाया। इस वर्ष प्रभा बैरागी अध्यक्ष, लायन हेमलता ओझा सचिव, सविता गुप्ता कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनित की गई। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम जे एफ पाठक द्वारा वर्ष 23-24 की संपूर्ण टीम के पदाधिकारियों को भी शपथ दिलाई।

वर्ष 2022-23 की अध्यक्ष लायन मधु गुप्ता के द्वारा सभी सुरभि की लायन साथियों का सेवा सम्मान समारोह किया गया। क्लब अध्यक्ष द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय सुदामा नगर के विद्यार्थियों को साल के अंत में सेवा गतिविधि के अंतर्गत कंप्यूटर प्रदाय किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम. जे. एफ. लायन डॉ अजय गुप्ता द्वारा सदन को संबोधित किया। इस अवसर पर कैबिनेट सचिव लायन विजय टेलर, रीजन चेयरपरसन शैलेष सोनी, झोन चेयरपरसन डॉ रश्मि श्रीवास्तव, लायंस आफ उज्जैन को-आर्डिनेटर पी. एम. जे. एफ. लायन डॉ सतिंदर कौर सलूजा व लायंस क्लब उज्जैन सुरभि के सदस्य एवं अतिथि गण उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन एम जे एफ लायन डॉ उमा बाजपाई ने किया।

## कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष का उज्जैन में अभिनंदन

**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी गज्जू भैया का कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष हर्ष जैन के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया। हर्ष जैन के अनुसार मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलों में चल रहे दौरों के क्रम में मंदसौर में कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड की एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने के लिए प्रदेश कार्डिनेटर संदीप गौतम के साथ प्रदेश अध्यक्ष ट्रेन से जा रहे थे। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर गजानन तिवारी का स्वागत कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश ससचिव कमलेश जुडी, राजा ठाकुर, रवि सिंह सिसौदिया, सुजल यादव, कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के रोहित शर्मा, त्रिवेश कुम्हारिया, देव पटेल, कुलदीप प्रजापत, अनुभव शर्मा, ऋषभ सैनी, राजकुमार सिसोदिया, पवन शर्मा, नरेंद्र सैनी, लोकेश मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

## 248 प्लाट धारकों से कब्ज़ा छीन भूमि मालिक नें जमीन पर चलवा दिया ट्रेक्टर, देवास में 4 करोड़ की ठगी



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में फर्जी कॉलोनाइजर से पीड़ित प्लाट धारक बड़ी संख्या में बीएनपी थाना पर एक फर्जी कॉलोनाइजर की शिकायत करने पहुँचे। शिकायत में पीड़ित प्लाट धारक प्रकाश राठौड़ ने बताया कि हमारी आनंद फार्म हाउस नाम की एक कॉलोनी है जो कि उज्जैन रोड बाईपास भीमसी रोड से लगी हुई है। 2019 में लगभग 248 लोगों ने वहां पर प्लॉट लिए थे। जिसमें से 120 लोगों की रजिस्ट्री है। सभी प्लॉट धारकों ने अपना पूरा पैसा जमा कर दिया था तथा सभी प्लाट धारकों को कब्जा भी मिल गया था। लेकिन भूमि मालिक दिलीप अग्रवाल ने सभी प्लाट धारकों के कब्जे जबरदस्ती वहां से हटा दिए। पीड़ित प्लाट धारकों का कहना है कि उन्होंने प्लाट सोहन नान्देल से लिए थे जो कि कॉलोनाइजर के रूप में पंजीकृत भी नहीं है, चूँकि सोहन नान्देल ने दिलीप अग्रवाल को जमीन का पूरा पैसा नहीं दिया तो दिलीप अग्रवाल ने सभी प्लाट धारकों से कब्जा लेकर सम्पूर्ण 22 बीघा जमीन पर ट्रैक्टर चलवाकर फसल बो दी। इस सवाल पर कि जब भूमि मालिक दिलीप अग्रवाल को पैसा पूरा नहीं गया तो सोहन नान्देल ने रजिस्ट्रियां कैसे कर दी। इस पर प्लाट धारकों का कहना है कि दिलीप अग्रवाल और सोहन नान्देल के बीच आपसी सामन्जस्य था, लेकिन जब दिलीप अग्रवाल को सोहन नान्देल ने जमीन का पूरा पैसा पूरा नहीं दिया तो उसने करार तोड़ दिया और सभी प्लाट धारकों से कब्जा ले लिया 2019 में भी सोहन नांदल की शिकायत की गई थी। प्लाट धारकों का कहना है कि उनके साथ बड़ी ठगी हुई है। ठगी की यह रकम साढ़े तीन से चार करोड़ों के लगभग है। बीएनपी थाने द्वारा उनका शिकायती आवदेन ले लिया गया है और उचित कार्यवाही का आश्वासन मिला है।

# भाजपा की टिफिन पार्टी में प्रभारी मंत्री, जिलाध्यक्ष घर से टिफिन लेकर हुए शामिल

**मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर विशेष संपर्क अभियान के अंतर्गत हुआ आयोजन, पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने किया एक साथ भोजन**





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को शहर के मुरादपुरा हनुमान मंदिर परिसर में भाजपा की टिफिन पार्टी का आयोजन किया। इस आयोजन में जिले के प्रभारी मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक सहित प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने अपने घर से टिफिन लेकर पहुंचे और एक साथ भोजन किया। सभी ने भोजन को आपस में मिल बांटकर खाया और पार्टी की रीति नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 9 सालो पर चर्चा की।

टिफिन बैठक में आए प्रभारी मंत्री श्री यादव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं में एकजुटता और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए नए लोगों को पार्टी से जोड़ना ही टिफिन बैठक का उद्देश्य है। टिफिन बैठक का अर्थ सिर्फ टिफिन खाना ही नहीं है। इस बैठक के माध्यम से इस तरह की अनौपचारिक बैठकें करते रहना है। टिफिन बैठक में हमको अपने टिफिन का खाना दूसरे को खिलाना है इससे हम सभी में अधिक एकता का संचार हो और अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर पार्टी की ताकत कैसे बढ़ानी है, उस पर भी कार्य करना है। उन्होंने कहा की सबको साथ लेकर चलने वाला व्यक्ति ही आगे बढ़ेगा। ईमानदारी से काम और संतुष्टि ही हमारे लिए सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बेहतर काम करने की बात कही। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जो विकास कार्य मोदी सरकार में हुए हैं वे कभी नहीं हुए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने कहा की मोदी सरकार के 9 साल के विकास कार्यों को लेकर हम सभी कार्यकर्ताओं को घर घर पहुंचना है। हमे 2023 में विधानसभा चुनाव एवं 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा का परचम फहराना है। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी एवं अभियान के जिला सहसंयोजक विजय जोशी ने किया एवं आभार जिला महामंत्री संतोष बराड़ा ने माना। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंबाराम कराड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया, पूर्व विधायक पुरषोत्तम चंद्रवशी, पूर्व सीसीबी चेयरमैन शिवनारायण पाटीदार, जिला महामंत्री विजय सिंह बैंस, दिनेश शर्मा, नपा अध्यक्ष प्रेम जैन, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवशी, गोपाल राजपूत, विपुल कसेरा, किरण ठाकुर, अशोक कवीश्वर, आशुतोष श्रीवास्तव, श्याम टेलर, केतल पटेल, श्रद्धा नागर, मधु दवे, प्रमिला मुहाड़कर, मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर, राधेश्याम गुर्जर, मोहनसिंह जादौन, रमेश चमन, कैलाश भिलाला, रामचंद्र भावसार, बाबूलाल कलमोदिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने डॉक्टर डे पर आयोजित किया डॉक्टर सीए और पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित, बोले डाक्टर भगवान का स्वरूप




**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार रात पचोर के होटल श्रीराम मे लायंसक्लब ने डॉक्टर डे के अवसर पर पत्रकार डॉक्टर और सीए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षीय सम्बोधन देते हुए नवनिर्वाचित लायन अध्यक्ष दिलीप सोनी ने कहा की ज़ब चारो तरफ घोर अंधकार हो और उम्मीद की कोई किरण नजर नहीं आती हो ऐसे समय मे भी डॉक्टर अपना कृतव्य निभाते है। चुंकि ईश्वर हर जगह मौजूद नहीं होते है. ऐसी स्थिति मे डॉक्टरो को भगवान ने हमारे बीच भगवान बनाकर भेजा है। डॉक्टर सीए और पत्रकार बंधु का अपना स्थान होता है. पचोर के पत्रकार साथियो ने सकारात्मक पत्रकारिता करते हुए जिले मे शांति और सौहार्द स्थापित करने मे पूरी मेहनत से काम किया है।

इस दौरान शहर के सभी डॉक्टर, पत्रकार और सीए साथियो का सम्मान पत्र भेंटकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम मे लायंस क्लब के प्रोटोकाल अनुसार लायंस अध्यक्ष दिलीप सोनी की अध्यक्षता मे आयोजित इस कार्यक्रम मे लायन कपिल गुप्ता सीए, नपा उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, दामोदरसिंह लहरी मंचासीन रहे. कार्यक्रम का संचालन लायन सचिव मनीष अग्रवाल ने किया. दामोदर लहरी ने सभी को बधाई दी.

रामभरोसा यादव ने कहा की हमारे हिंदुस्तान मे प्रथा है की विभिन्न डे के पीछे एक ही लॉजिक रहता है हम उन्हें सम्मानित कर प्रेरित करे. आज डॉक्टर डे है. विभिन्न अवसरो पर गरीब तबके तक सहायता कैसे पहुंचाई जाए उसके लिए लायंस क्लब अग्रणी है. पत्रकार मित्र समाज को सही रास्ता दिखाने का काम करते है और डॉक्टर जीवन बचाने के लिए मानव सेवा करते है। कोरोना के दौरान इसका उदाहरण देखने को मिला। इस दौरान पचोर के सभी पत्रकार डॉक्टर सीए और लायंस क्लब सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत आभार लायन प्रोफेसर राजेंद्र गुप्ता ने माना।

## गुरु पूर्णिमा पर ब्राह्मण समाज की गुरु पूजन यात्रा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के महामंत्री पंडित तरुण उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 3 जुलाई 023 गुरु पूर्णिमा उत्सव पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा प्रातः 10:00 सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण के गुरु ऋषि सांदीपनि गुरु आश्रम पर सांदीपनि ऋषि का पूजन अर्चन कर गुरु पूजन यात्रा का शुभारंभ करेंगे तथा वहां से उज्जैन के सभी प्रमुख महामंडलेश्वरों, गादीपति महंत, एवं प्रमुख संतों के आश्रम पर पहुंचकर सभी संतो का गुरु पूजन एवं संत सम्मान ब्राम्हण समाज की ओर से किया जाएगा।

# वरिष्ठ पेंशनर्स का सामूहिक जन्म उत्सव मनाया!



**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा पचोर जिला राजगढ़ जिला राजगढ़ के अध्यक्ष कैलाश नारायण शर्मा द्वारा डे केयर सेंटर पचोर में बैठक आयोजित की गई जिसमें सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की गई! जिसमें 6 जुलाई 23 को भोपाल के नीलम पार्क में प्रांत स्तरीय धरना आंदोलन पर विचार किया गया तथा श्री सत्यनारायण वैष्णव हरि नारायण सक्सेना ज्वाला प्रसाद शर्मा कमलेश कुमार जैन लक्ष्मीनारायण नामदेव खेम सिंह सिसोदिया को गुलदस्ता भेंट कर वा मिठाई खिलाकर जन्म उत्सव की बधाई दी !वरिष्ठ पेंशनर्स बिहारीलाल रोहिल्ला का शाल माला से सम्मान किया गया! श्री हशमत अली कुरेशी श्रीबल्लभ गौतम आरसी शर्मा आर सी चौधरी एके जोशी कैलाश नारायण शर्मा भंवरलाल तिवारी कैलाश नारायण गौड़ भगवान दास सोनी राजेंद्र अग्रवाल भानु प्रकाश दीक्षित केएन तिवारी अंतर सिंह यादव ओपी शर्मा नारायण प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित रहे! केएन तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया हेमसिंह सिसोदिया बिहारीलाल रोहिल्ला द्वारा कविता प्रस्तुत की गई, उपस्थित महानुभाव का आभार व्यक्त किया गया!

# कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में आर्या योजनान्तर्गत बकरी पालन पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न






**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में 26 जून से 02 जुलाई 2023 तक आर्या योजनान्तर्गत ग्रामीण युवाओं हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,नई दिल्ली तथा रा.वि.रा.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर के निर्देशानुसार बकरी पालन को लाभ का धंधा बनाने के उद्देश्य हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के नीमच, जावद, मनासा विकासखण्ड के 84 किसानों एवं ग्रामीण युवकों ने अपना पंजीयन कराया एवं प्रशिक्षण का लाभ लिया।

कार्यक्रम में केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डा.सी.पी. पचौरी ने कार्यक्रम का उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी देते हुए बकरी पालन, बकरियों की प्रजातियों, बकरियों की आवास व्यवस्था, बकरी स्वास्थ्य प्रबंधन आदि की तकनीकियों के बारे में जानकारी दी। तकनीकी सत्र में केन्द्र के वैज्ञानिक डा.पी.एस.नरूका, वैज्ञानिक ने समूह गठन एवं बाजार से लिंक व्यवस्था के बारे में, डा.शिल्पी वर्मा, वैज्ञानिक एवं आर्या नोडल आफिसर ने वेल्यु एडिसन के अंतर्गत बकरी के दूध, मांस एवं ऊन आदि के लिए मार्केटिंग की जानकारी दी। डा.श्यामसिंह सारंगदेवोत ने बकरी की विभिन्न प्रजातियों एवं उनके पालन हेतु उचित वातावरण में रखरखाव पर, डा.जे.पी.सिंह द्वारा जैविक खेती अपनाना एवं केंचुआ पालन पर जानकारी दी।

पशुपालन विभाग के पशुपालन विशेषज्ञ डा.के.के.शर्मा उपसंचालक, डा.ए.आर.धाकड़ एवं डा.एस.के. शर्मा, डा.गर्विता पशुचिकित्सक ने बकरी पालन में आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, बीमारियों का प्रबंधन, रखरखाव आदि पर विस्तार से बताते हुए पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला जज श्रीमती रेखा मेश्राम ने भी बकरी पालक युवा यूथ को मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही बैंक संबंधी सब्सीडी एवं ऋण योजनाओं की जानकारी हेतु यूको बैंक प्रबंधक श्री संजय व्यास द्वारा जानकारी दी गई। प्रत्येक व्याख्यान के बाद पाठयक्रम पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं बकरी पालन संबंधी किट केन्द्र की ओर से दिए गए एवं केन्द्र पर स्थापित बकरी पालन यूनिट, डेयरी यूनिट, पोल्ट्री यूनिट, फसल संग्रहालय पर हरा चारा, वर्मी यूनिट का भ्रमण कराया गया तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा तैयार उपरोक्त तकनीकियों से संबंधित बकरी पालन, जैविक खेती, केचुआं पालन संबंधी सीडी, विडियों दिखाए गए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी विभागीय अधिकारियों, प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। केन्द्र के कर्मचारी श्री हरिसिंह, श्री मोहनलाल एवं श्रीमति सुमित्रा का भी इस सात दिवसीय कार्यक्रम में सहयोग रहा।

## आज निकलेगी श्री सच्चिदानंद सद्गुरु साईनाथ महाराज की शोभायात्रा

### शिरडी साईबाबा मंदिर पर गुरूपूर्णिमा महोत्सव में 4 जुलाई को होगा विशाल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री सच्चिदानंद सद्गुरु साईनाथ महाराज की पालकी यात्रा (शोभा यात्रा) आज सायं 5 बजे घास मण्डी चौराहे से निकलेगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रात्रि 8.30 बजे शिरडी साईबाबा मंदिर चौबीस खम्बा माता मंदिर के पीछे पहुंचेगी जहां महाआरती होगी।

जयशंकर पुरोहित ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिरडी साईबाबा मंदिर चौबीस खंबा माता मंदिर पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 2 जुलाई रविवार को प्रातः साईचरित्र का पाठ हुआ। वहीं आज 3 जुलाई सोमवार गुरुपूर्णिमा पर श्री सच्चिदानंद सद्गुरु साईनाथ महाराज का महाभिषेक (रसाभिषेक) प्रातः 9 बजे से होगा। महाआरती प्रातः 11.30 बजे होगी तत्पश्चात् प्रसादी वितरण किया जाएगा। वहीं शाम को पालकी यात्रा शोभायात्रा के रूप में निकलेगी।

जयशंकर पुरोहित ने बताया कि आज 29 जून गुरुवार से प्रारंभ हुए इस महोत्सव का यह 36 वॉं वर्ष है। जिसमें श्री साई भजन संध्या, श्री गणपति पूजन एवं भगवान शिव का रुद्राभिषेक के साथ हनुमान जी का पूजन एवं सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। वहीं 4 जुलाई मंगलवार को विशाल भण्डारा सायं 6 बजे से श्री राठौर क्षत्रिय समाज धर्मशाला कार्तिक चौक पर होगा।

# राष्ट्रीय पर्यवेक्षक श्री मोरवाड़िया का राजकुमार अहीर मित्र मण्डल ने किया स्वागत, हजारो कार्यकर्ताओं ने श्री अहीर को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाये जाने की मांग रखी



**जावद।(सतीश सैन) /दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पर्यवेक्षक अर्जुन मोरवाड़िया का दो दिवस अल्प प्रवास पर नीमच जिले में आगमन हुआ। श्री मोरवाड़िया ने शनिवार को गांधी भवन नीमच में पदाधिकारीयों एवं उम्मीदवारो की बैठक ली। दुसरे दिन रविवार को प्रातः 11 बजे अर्जुन मोरवाड़िया ने मनासा विधानसभा एवं दोपहर 2 बजे जावद विधानसभा में बैठक ली। इस अवसर पर नीमच जिला कांग्रेस प्रभारी नुरी खान एवं जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया भी साथ में मौजुद रहे।

रविवार को जावद विधानसभा के पदाधिकारीयों की बैठक नीमच रोड़ स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन में दोपहर 2 बजे आयोजित की गई। जावद विधानसभा के लोकप्रिय कांग्रेस नेता राजकुमार अहीर ने ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डलम/सेक्टर, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, आईटी विभाग, पार्षद, पुर्व पार्षद, अल्पसंख्यक विभाग एवं कांग्रेस पार्टी के समस्त पदाधिकारीयों का बारी-बारी से राष्ट्रीय पर्यवेक्षक से परिचय कर मुलाकात करवाई। कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद, राजू भैया जिंदाबाद, जावद का विधायक कैसा हो राजू भैया जैसा' हो ऐसे नारे लगाकर शक्ति प्रदर्शन भी किया

जावद विधानसभा के समस्त पदाधिकारीयो ने श्री मोरवाड़िया के समक्ष कांग्रेस नेता राजकुमार अहीर को जावद विधानसभा से उम्मीदवार बनाये जाने की बात कही। पदाधिकारीयों ने कहा की श्री अहीर लगातार 20 वर्षो से कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे है, सभी वर्गो के दुख सुख में काम आते है। कांग्रेस पार्टी के बेनर तले हर मुद्दे व समस्या को उठाते है। क्षैत्र में अगर कोई व्यक्ति भाजपा के आतंक से परेशान होता है तो सबसे पहले राजकुमार अहीर ही गरीबो की मदद करने पहुंचते है, जो विधायक ना होते हुए भी विधायक से ज्यादा कार्य क्षेत्र की जनता के लिए करता है हम उसे ही अपना विधायक बनाना चाहते है। हम सभी आपके माध्यम से पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं एवं वरिष्ठ नेताओं तक अपनी बात पहुंचाना चाहते है कि राजकुमार अहीर का जावद विधानसभा से उम्मीदवार बनाया जाता है तो पार्टी की जीत निश्चित होगी। राष्ट्रीय पर्यवेक्षक श्री मोरवाड़िया ने सभी की बातो को सुन कर विश्वास दिलाया है कि आपकी भावनाओं को वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचाया जाएगा। नीमच जिले की तीनो विधानसभा सीटे कांग्रेस पार्टी जीत रही है, कांग्रेस पार्टी जिसे भी टिकीट देगी उसे जीताने का कार्य आप सभी का है। कांग्रेस पार्टी से टिकीट मांगने का सब को अधिकार है हर विधानसभा में तीन से चार उम्मीदवार है लेकिन टिकीट एक ही व्यक्ति को मिलना है, जिसे भी टिकीट मिले उसे जिताएं क्योकि हमें कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजकुमार अहीर, सिंगोली ब्लॉक अध्यक्ष मनीष जैन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा, जावद पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश अहीर, रतनगढ़ पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र मण्डोवरा, सिंगोली पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी जोशी, युवा कांग्रेस विस अध्यक्ष देवेन्द्र पाटीदार, धनगांव मंडलम अध्यक्ष अशोक जैन, झांतला मंडलम अध्यक्ष सुनील जैन, सिंगोली मंडलम अध्यक्ष राजेश भंड़ारी, डोराई सेक्टर अध्यक्ष श्यामलाल जोशी, जनपद पंचायत सदस्य राजेश शर्मा, मदन गुर्जर सरपंच, पुर्व कार्यकारी अध्यक्ष शंभु चारण, किसान कांग्रेस जावद ब्लॉक अध्यक्ष निलेश रावल, पार्षद दिनेश धनगर, , सिंगोली महिला कांग्रेस अध्यक्ष पल्लवी भंडारी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। *पदाधिकारीयों ने पर्यवेक्षक अर्जुन मोरवाड़िया को पत्र भी सौपे, सभी ने राजकुमार अहीर को उम्मीदवार बनाये जाने की मांग रखी।

# 100 ईवीएम मशीनों का मॉकपोल किया गया



**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार और जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवराज सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का मॉकपोल किया गया। ईवीएम मशीनों के सहायक नोडल अधिकारी श्री उज्जैनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 5 प्रतिशत मशीनों का मॉकपोल किया गया। कुल 1910 सीयू के 5 प्रतिशत में राउंड फिगर में 100 सेट पर मॉकपोल किया गया। इसमें 20 सेट पर 1200, 40 सेट पर 1 हजार और 40 सेट पर 500 मॉकपोल किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी श्री अनिल बागोले, इलेक्शन सुपवायजर श्री जेएल भालसे, कांग्रेस पार्टी के दिनेश पटेल, जितेंद्र भावसार, राजेश मंडलोई और कादर बैग मिर्जा मौजूद रहे।

# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आज

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को प्रातः 11 बजे प्रारम्भ होगी। इस बैठक में सभी जिला अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व समस्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी समस्त कलेक्टर कार्यालय सभागृह में उपस्थित रहेंगे। जबकि जनपद स्तरीय अधिकारी तहसीलदार, एसडीओ कृषि, एसडीओ पीएचई, सीईओ जनपद, सीडीपीओ, बीएमओ, बीईओ, बीआरसी, बीपीएम बीसी एनआरएलएम और जेएसओ अपने-अपने जनपद पंचायत मुख्यालय पर जनपद कार्यालय सभागृह से गुगल मीट से जुडे रहेंगे। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी अपने क्षेत्र एवं विभाग की अद्यतन जानकारी भी साथ में रखेंगे।

# पिछले 24 घण्टे में गोगांवा तहसील में हुई 22 एमएम वर्षा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2022। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घण्टे में जिले के गोगांवा तहसील में सबसे अधिक 22 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा खरगोन तहसील में 8 एमएम, भीकनगांव में 3 एमएम, कसरावद में 2 एमएम तथा सनावद तहसील में 1 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह पिछले 24 घण्टे में जिले की 5 तहसीलों में 36 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

## शिक्षा में भारतीयकरण का प्रारंभ हो गया है - अशोक कडेल

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस पर मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक अशोक कडेल ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात इतिहास, संस्कृति, धर्म और अध्यात्म के साथ अनर्गल, अमर्यादित बातों का उल्लेख पाठ्यक्रम में किया जाने लगा था। इन बातों के विरोध में शिक्षा बचाओ आंदोलन खड़ा हुआ 2 जुलाई 2004 से आरंभ हुए इस आंदोलन ने 2007 में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास को जन्म दिया। न्यास ने शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन के लिए कृत संकल्पित होकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का निर्माण हुआ है। अब न्यास उसके क्रियान्वयन पर पूरे देश में काम कर रहा है।यह जानकारी देते हुए न्यास के प्रचार प्रसार प्रभारी डॉ.जफर महमूद ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर में हुआ। न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने अपने संदेश में कहा कि चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास, मूल्य आधारित शिक्षा न्यास के विषयों के मूल आधार हैं। न्यास वैदिक गणित, पर्यावरण शिक्षा, शिक्षक शिक्षा, प्रबंधन शिक्षा, इतिहास में भारतीय दृष्टि, तकनीकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा के साथ भारतीय भाषा मंच और भारतीय भाषा अभियान के अंतर्गत मातृभाषा के लिए कार्यकर्ता संपूर्ण राष्ट्र में कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन प्रांत संयोजक डॉ. राकेश ढांड ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रेमलता चुटेल, डॉ. एस.एन.शर्मा, डॉ. अर्पण भारद्वाज, डॉ. वी.के. गुप्ता, डॉ एस.के. मिश्रा, डॉ. राजीव पंड्या, डॉ.डी.डी. बेदिया, डॉ. नीरज सारवान, डॉ. प्रदीप लाखरे, डॉ. आलोक गोयल, डॉ .आशीष रावल, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. हिम्मत सिंह ठाकुर, डॉ. रेनू लाखरे, विजय निगम, डॉ. कजोड़मल मिमरोट, महेंद्र उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, अविनाश राठौर, डॉ. शैलेंद्र वर्मा, रवि भिलाला, रतनदीप मिश्रा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मिटावल की गरीब लाड़ली बेटी का इंदौर में सफल रहा ऑपरेशन

# कलेक्टर ने व्यक्तिगत रुचि लेकर व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद लेते रहें जानकारी

### अत्यंत जटिल स्थिति में बुलवाया था अस्पताल, ऑपरेशन के बाद निकाली फुटबॉल के समान पानी की गठान





**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा की मानवीयता और संवेदनशीलता की बदौलत झिरन्या के मिटावल गांव की 9 वर्षीय बालिका को समय पर सही उपचार मिल पाया है। मिटावल कि राधिका का 1 जुलाई को एमवाई अस्पताल में ओमेंटल सिस्ट का सफल ऑपरेशन डॉ. ब्रजेश लाहोटी द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि 26 जून को कलेक्टर श्री वर्मा को स्थानीय जनप्रतिनिधि श्रीमती नंदा ब्राह्मणे द्वारा अत्यंत जटिल हालात में जीवन गुजार रही राधिका के बारें में जानकारी मिली। कलेक्टर श्री वर्मा ने उसी दिन जिला अस्पताल बुलवाया और सिविल सर्जन डॉ. अमरसिंह चौहान से प्रकरण की अपडेट करने के निर्देश दिए। प्राथमिक जांच के बाद डॉ. चौहान ने इंदौर में ऑपरेशन के बारे में अवगत कराया। कलेक्टर श्री वर्मा ने बालिका के उपचार के लिए डॉ. चौहान से कहा कि शासकीय या प्रायवेट अस्पताल में जहां भी ऑपरेशन सम्भव हो करवाये। इलाज में कमी न आने दे।

**सिविल सर्जन ने एमवाय अस्पताल के पीडियाट्रिक विशेषज्ञ से सलाह ली–** सिविल सर्जन डॉ. चौहान ने बताया कि कलेक्टर श्री वर्मा के व्यक्तिगत रूप से निर्देश के बाद उन्होंने एमवाय अस्पताल के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डीन डॉ. ब्रजेश लाहोटी से मार्गदर्शन मांगा। डॉ. लाहोटी ने तुरंत एमवाय में रेफर करने को कहा। 28 जून को एमवाय में पीडियाट्रिक विभाग में वार्ड-15 में भर्ती किया गया। इसके बाद सोनोग्राफी के अलावा सिस्ट की व्यवस्थित जांच के बाद ऑपरेशन से निकालने का निर्णय लिया गया।

**2 घण्टे चले ऑपरेशन में निकाली पानी की गठान–**डॉ. लाहोटी ने बताया कि बच्ची को ऐसी जटिल स्थिति में लाया गया था कि कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन उन्होंने और उनकी टीम ने 2 घंटे ऑपरेशन में फुटबॉल के आकार की पानी की गठान निकालने में सफलता पायी। अब राधिका स्वस्थ है और करीब 1 सप्ताह उसे ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा। डॉ. लाहोटी ने खास तौर पर सभी माता-पिता से कहा कि जब ऐसे लक्षण या कुछ अलग महसूस हो तो देर न करें। बीमारी को शुरुआत में दूर करने में आसानी होती है। देर करने से समस्याएं अत्यंत जटिल हो जाती है। ओमेंटल सिस्ट साधारण बात है ये किसी प्रकार की बीमारी नहीं है लेकिन गठान का आकार बढ़ने से समस्या जटिल हुई। किसी भी बच्चें में पेट फूलने, डाइजेशन (पाचन) नहीं होना और पेट दर्द बना रहना ही मुख्य लक्षण है।

**बच्चों के साथ अमानवीय बर्ताव उचित नहीं, अंधविश्वास से दूर रहने की डॉक्टर ने दी सलाह**–राधिका का ऑपरेशन करने वाले डॉ. लाहोटी ने सभी अभिभावकों से कहा कि बच्चों के साथ अमानवीय बर्ताव न करें। उपचार के नाम पर अंधविश्वास में न पड़े। राधिका के ऑपरेशन के समय कुछ ऐसे चिन्ह मिलें है। जो किसी अत्यंत गरम रॉड से पेट के अंदर के सिस्ट को जलाने का प्रयास लगता है। ऐसी अमानवीय हरकत कोई कैसे अपने बच्चों के साथ कर सकता है। जनजातीय समुदाय के लोगों को अब समझना होगा। मेडिसिन क्षेत्र अब बहुत आगे निकल चुका है। अंधविश्वास से हटकर अब लोगों को मेडिसिन का सहारा लेना चाहिए।

**शासकीय अस्पताल में हुआ मुफ्त में इलाज**–डॉ. लाहोटी ने बातों बातों में कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में गरीबी और अज्ञानता से ऐसे कई बच्चों की जान गई होगी। लेकिन अब गांवों में भी स्वास्थ्य केंद्र है। उन केंद्रों में जो आशा कार्यकर्ता की भी सलाह मानना होगा। राधिका का उपचार अगर किसी प्रायवेट अस्पताल में होता तो ऑपरेशन में 1.50 लाख रुपये का खर्च होता लेकिन शासकीय अस्पताल में मुफ्त में इलाज हुआ है। इसको समझने का प्रयास करें।

भारत-अमेरिका में चुनाव 2024 की दस्तक

# कल्याणकारी योजनाएं बनाम मुफ़्त रेवड़ीयां संस्कृति

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का नस्ल आधारित शिक्षण एडमिशन के बाद छात्र ऋण माफी योजना ख़ारिज करना बाइडेन प्रशासन को दूसरा झटका

**भारत अमेरिका में 2024 के चुनाव संबंधित लोकलुभावन घोषणाओं पर जनता जनार्दन सहित न्यायपालिका की पैनी नजर को रेखांकित करना जरूरी - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया**

दुनियां की नज़र आजकल भारत और अमेरिका पर लगी हुई है क्योंकि दोनों की दोस्ती की जड़ें गहरी करने का पूरा इंतजाम करने में कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। चूंकि दुनियां के सबसे बड़े और दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र में 2024 में आम चुनाव होने हैं और वे दोनों देशों के प्रमुख समकक्ष के भविष्य का निर्धारण करेंगे, इसी को ध्यान में रखते हुए शायद दोनों नेता अपने अपने स्तरपर नीतियां रणनीतियां निर्धारित करने में लगे हुए हैं। एक और भारतीय पीएम 2023 के अंत तक होने वाले एमपी राजस्थान छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों के चुनाव के दौरे कर बेस मज़बूत करने में लगे हैं तो दूसरी ओर अमेरिकन राष्ट्रपति अमेरिकी भारतीय मूल को रिझाने में लगे हुए हैं जैसे भारतीय पीएम की स्टेट विजिट, रात्रि भोज, और अभी अमेरिका में हिंदी भाषा में शुरू हो सकती है पढ़ाई क्योंकि राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजा जा चुका है, संभावना है अगले साल अमेरिका में चुनाव है, इसलिए इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है परंतु दोनों देश के प्रमुखों के समक्ष कल्याणकारी योजनाएं बनाम मुफ्त रेवड़ियां संस्कृति की चुनौती भी है क्योंकि अभी लोकलुभावन घोषणाएं पर जनता जनार्दन से न्यायपालिका की पहली नजर को रेखांकित करना जरूरी है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण अभी 29 और 30 जून 2023 को अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिकी प्रशासन की नस्ल आधारित शिक्षण एडमिशन योजना और छात्र ऋण माफी योजना को खारिज कर सत्ताधारी प्रशासन को झटका दिया है। ऊपर से 2024 के इलेक्शन है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका में 2024 के चुनाव संबंधित लोकलुभावन घोषणाओं पर जनता जनार्दन सहित न्यायपालिका की पैनी नजर को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 30 जून 2023 के ऐतिहासिक अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले की करें तो, छात्र ऋण की 400 अरब डॉलर की रकम माफ करने की राष्ट्रपति की योजना को शुक्रवार को नामंजूर कर दिया। न्यायालय ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि बाइडेन प्रशासन ने लाखों अमेरिकी नागरिकों के छात्र ऋण को रद्द करने या कम करने की कोशिश कर अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने इस मुद्दे पर 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया, जिसमें छात्र ऋण का 400 अरब डॉलर माफ करने की बाइडन की योजना को नामंजूर कर दिया गया है। इस फैसले से अब ऋण लेने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि उन्हें अब ऋण का भुगतान करना होगा। अदालत ने माना कि इतना महंगा कार्यक्रम शुरू करने से पहले बाइडन प्रशासन को कांग्रेस के समर्थन की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों ने बहुमत के साथ उन तर्कों को खारिज कर दिया कि छात्र ऋण से निपटने वाले द्विदलीय 2003 कानून ने बाइडन प्रशासन को यह अधिकार प्रदान किया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल छात्रों के 400 अरब डॉलर के ऋण माफ करने की योजना की घोषणा की थी। न्यायाधीशों ने दो करोड़ साठ लाख अमेरिकियों का ऋण माफ करने की बाइडेन की योजना को असंवैधानिक और राष्?ट्रपति के अधिकार-क्षेत्र से बाहर बताया। एक दिन पहले ही उच्चतम अदालत ने कॉलेजों में नस्?ल-आधारित दाखिलों को नामंजूर कर दिया था। उच्?चतम न्?यायालय ने हार्वर्ड समेत अमरीका के दो विश्वविद्यालयों को नस्?ल आधारित दाखिला बंद करने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय के ताज़ा फैसले को अमेरिकी राष्?ट्रपति और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए एक और बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं और इसकी तैयारी में डेमोक्रेटिक पार्टी कई लोकलुभावन घोषणाएं कर रही है। लाखों छात्रों के शिक्षा ऋण को माफ करना भी इसी का हिस्सा था। रूढ़िवादी-प्रभुत्व वाले सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बााइडेन प्रशासन के तर्कों को खारिज कर दिया कि योजना 2003 के कानून के तहत वैध है, जिसे छात्रों के लिए उच्च शिक्षा राहत अवसर अधिनियम (हीरोज़ अधिनियम) कहा जाता है। कोर्ट ने कहा कि हीरोज अधिनियम का पाठ शिक्षा सचिव के ऋण माफी कार्यक्रम को अधिकृत नहीं करता है, साथ ही यह भी कहा कि अधिनियम के तहत सचिव की संशोधित करने की शक्तिअमेरिकी कांग्रेस द्वारा डिजाइन की गई योजना में बुनियादी और मूलभूत परिवर्तन की अनुमति नहीं देती है।बााइडेन प्रशासन ने पिछले साल संघीय छात्र ऋण उधारकर्ताओं के लिए 20, हज़ार डॉलर तक रद्द करने की योजना की घोषणा की थी, जिन्होंने पेल ग्रांट प्राप्त किया था, जो कम आय वाले छात्रों को जारी की जाने वाली संघीय वित्तीयसहायता का एक रूप है जिसे चुकाना नहीं पड़ता है। उन लोगों के लिए 10, हज़ार डॉलर तक रद्द करने की योजना है, जिसे पेल ग्रांट नहीं मिला। उधारकर्ता राहत के लिए पात्र हैं यदि वे व्यक्तिगत रूप से प्रति वर्ष 125, हज़ार डॉलर से कम कमाते हैं, या एक परिवार के रूप में प्रति वर्ष 250, हज़ार डॉलर से कम कमाते हैं।यह योजना लगभग 430 बिलियन डॉलर का ऋण मूलधन रद्द कर देगी और लगभग सभी उधारकर्ताओं को प्रभावित करेगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, छह रिपब्लिकन नेतृत्व वाले राज्यों ने इस योजना को शिक्षा सचिव के वैधानिक अधिकार से अधिक बताते हुए चुनौती दी। बहुमत की राय के साथ मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सचिव का दावा है कि हीरोज़ अधिनियम उन्हें 430 बिलियन डॉलर के छात्र ऋण को रद्द करने का अधिकार देता है। लेकिन ऐसा नहीं है।व्हाइट हाउस की एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक जो बाइडेन कहा, मेरा मानना ??है कि हमारी छात्र ऋण राहत योजना को रद्द करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिल्कुल गलत है। उन्होंने साफ-साफ कहा है कि छात्र ऋण राहत की लड़ाई खत्म नहीं हुई है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, लेकिन मैं कड़ी मेहनत करने वाले मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत देने के अन्य तरीके खोजने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। मेरा प्रशासन हर अमेरिकी के लिए उच्च शिक्षा का वादा पूरा करने के लिए काम करना जारी रखेगा।अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमारी छात्र ऋण राहत योजना ने 40 मिलियन से ज्यादा अमेरिकियों को कोरोना महामारी से उबरने में मदद की है। कांग्रेसी रिपब्लिकन को व्यवसायों के लिए महामारी से संबंधित अरबों ऋणों से कोई समस्या नहीं थी। कुछ लोगों का अपना ऋण भी माफ कर दिया गया है।

साथियों बात अगर हम भारत के किसानों की कर्ज माफी की तरह करो, किसानों की कर्जमाफी के इतिहास की बात करें तो सबसे पहले साल 1990 में वीपी सिंह की सरकार ने पूरे देश में किसानों का कर्ज माफ किया था, उस वक्त सरकार के खजाने पर करीब दस हजार करोड़ का अतरिक्त भार पड़ा था. इसके बाद साल 2008-09 के बजट में मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने पूरे देश में किसानों के करीब 71 हजार करोड़ रुपए माफ करने का फैसला लिया था, जिसके बाद यूपीए की सरकार फिर से केंद्र की सत्ता पर आसानी से काबिज होने में सफल रही थी,केवल बड़े किसानों को मिलता है लाभ तत्कालिक राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर लिया गया कर्जमाफी के फैसले का असर देश और राज्य की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है. माना जाता है कि इस तरह की क़र्ज़माफी का फायदा कुछ बड़े किसानों को ही मिल पाता है. छोटे किसानों पर इसका कोई असर नहीं होता है, क्योंकि बड़ा किसान कुछ हद तक कर्ज़ चुकाने में सक्षम होता है, और वही क़र्ज़ भी ले पाता है. जबकि छोटे किसानों को कर्जमाफी का कोई फायदा नहीं होता है. साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है।

साथियों बात अगर हम भारत में छात्रों को सीआईआई एसएस योजना की करें तो, आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को तकनीकी शिक्षा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से सेंट्रल सेक्टर इंटरेस्ट सब्सिडी योजना की शुरुआत की गई है। 2009 में लागू की गई इस योजना के तहत एजुकेशन लोन के ब्याज पर सब्सिडी दी जाती है. जो छात्र तकनीकी शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, वह इस योजना के तहत लोन पर 100 फीसदी तक सब्सिडी ले सकते हैं, हालांकि इस योजना के तहत विदेश में शिक्षा के लिए लोन पर योजना का लाभ नहीं उठाया जा सकता है।मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से केंद्रीय क्षेत्र ब्याज सब्सिडी योजना को 2018 में संशोधित किया गया है। यह योजना छात्रों को बिना किसी सुरक्षा के ब्याज पर सब्सिडी देती है, यह योजना तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई थी। 4.5 लाख रुपये तक पारिवारिक सालाना आय वाले छात्रों को इस योजना का फायदा दिया जाता है।

साथियों बात अगर हम एक सीएम द्वारा 1 जुलाई 2023 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो शनिवार को कहा कि वह सात तरह की मुफ्त चीजें बांटते हैं, इसलिए पीएम उनसे नाराज रहते हैं। उन्होंने ने मध्य प्रदेश के एक शहर में एक रैली कोसंबोधित करते हुए कहा, मैं कहता हूं हां, मैं मुफ्त चीजें बांट रहा हूं। आपको क्या समस्या है? मैं सात प्रकार की मुफ्त सुविधाएं देता हूं = (1) मुफ्त बिजली, (2) विश्वस्तरीय स्कूल, (3) मुफ्त दवाएं, (4) मुफ्त पानी, (5) महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, (6) वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा और (7) हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं। हमने 12 लाख युवाओं के रोजगार की व्यवस्था की है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने अपने राज्य में 30, हज़ार सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं और और अधिक प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि महंगाई है और वह केवल मुफ्त चीजों के जरिए लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश कर रहे हैं, जो गलत नहीं है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत-अमेरिका में चुनाव 2024 की दस्तक।कल्याणकारी योजनाएं बनाम मुफ़्त रेवड़ीयां संस्कृति।अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का नस्ल आधारित शिक्षण एडमिशन के बाद छात्र ऋण माफी योजना ख़ारिज करना बाइडेन प्रशासन को दूसरा झटका। भारत अमेरिका में 2024 के चुनाव संबंधित लोकलुभावन घोषणाओं पर जनता जनार्दन सहित न्यायपालिका की पैनी नजर को रेखांकित करना जरूरी।

---

## स्कन्दपुराण में बेल पत्र के विषय में क्या बताया गया है जानते है वास्तु शास्त्री सुमित्राजी से क्यों भोलेबाबा को चढ़ाये बेलपत्र

पुराणों और वेदों के अनुसार, बेलपत्र का धार्मिक, औषधीय तथा सांस्कृतिक महत्व है। हिंदू धर्म में बेलपत्र के को दिव्य वृक्ष माना जाता है, जिसे भगवान शिव को चढ़ाया जाता है।

क्या है मान्यता ये तो सभी जानते हैं कि भगवान शिव की पूजा में उन्हें बेलपत्र अर्पित किया जाता है। महादेव की पूजा में बेलपत्र चढ़ाने के पीछे एक पौराणिक कथा है। कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान कई चीजों के साथ विष भी निकला। सृष्टि को बचाने के लिए भगवान शिव ने विष को धारण कर लिया। विष के प्रभाव से भगवान शिव के शरीर में ताप बढ़ने लगा। उस समय के एक वैद्य से सलाह लेने के बाद देवी-देवताओं ने भगवान शिव को बेलपत्र खिलाया और जल से स्नान करवाया। जिसके बाद भगवान शिव के शरीर में उत्पन्न गर्मी शांत होने लगी। तभी से भगवान पर बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा चल आ रही है।

शिवलिंग पर बेलपत्र अर्पित करने के बाद जल चढ़ाएं. इससे भगवान शिव को शीतलता मिलेगी और उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा। हमेशा तीन पत्तियों वाला बेलपत्र ही चढ़ाना चाहिए। जिस तरफ बेलपत्र की पत्तियां चिकनी हों, उसी तरफ से शिवलिंग पर चढ़ाएं। कटे-फटे बेलपत्र कभी भी भगवान शिव पर नहीं चढ़ाने चाहिए। इसे गंगाजल से धोकर साफ कर भगवान शिव को अर्पित करें। बेलपत्र चढ़ाते समय ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।

**बेलपत्र की उत्पत्ति कैसे हुई-**

स्कंद पुराण के अनुसार, एक बार माता पार्वती के पसीने की बूंद मंदराचल पर्वत पर जा गिरी। इससे वहां एक पौधा उगा जो बाद में बेलपत्र के पेड़ के रूप में परिवर्तित हो गया।

**सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ सुमित्रा अग्रवाल**
**कोलकाता**
**यूट्यूब वास्तु सुमित्रा**




## गुरुदेव को सादर प्रणाम है

ज्ञान के चक्षुओ को खोले दे
अंतस के द्वार सारे खोल दे
जग मे ऊँचा उसका नाम है
गुरुदेव को सादर प्रणाम है

जीवन मे प्रकाश जो भर दे
उर को अलोकित जो कर दे
सबसे बड़ा उसका मुकाम है
गुरुदेव को सादर प्रणाम है

जीवन का पथ श्रेष्ठ बना दे
हमे जग मे जो ज्येष्ठ बना दे
जो भवनिधि के तारणहार है
गुरुदेव को सादर प्रणाम है

जगत के सब संताप मिटा दे
मानव के सभी पाप मिटा दे
सदा से ऐसे गुरुवर महान है
गुरुदेव को सादर प्रणाम है

जीवन के सब पर्याय बदल दे
समस्या का जो हल भी कर दे
चरण मे शिश झुके बारबार है
गुरुदेव को सादर प्रणाम है

**-प्रमेशदीप मानिकपुरी**

## इंसान हूं मैं भी

हां पहुंच जाते हो
कहीं भी,
कभी भी,
अपनी जात और जाति की धमक लेकर,
मूंछों को ऐंठते हो,
मरोड़ते हो,
आंखें तरेरते हो,
पता नहीं कितना मिल पाता है तुम्हें
आत्मिक सुख,
मानसिक सुख,
या शारीरिक सुख,
कैसे चल लेते हो
भारी भरकम अहम का बोझ लेकर,
गाली देना,
गोली मारना,
बलात कब्जा कर लेना,
मैंने सुना ही नहीं कि
कर लेते हैं ये करतूतें
कोई सच्चा इंसान,
आओ कभी मिलने
एक अच्छा इंसान बनकर,
क्योंकि मैं भी इंसान ही हूं।

**-राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़**

भावनानी के भाव

## मेरे मूर्ख मन तूने यह बुराई समाया है

हर क्षेत्र में अजीब रिवाज छाया है
प्रतिद्वंदी को नीचा दिखाने का भाव आया है

कहीं बड़ न जाए मुझसे यह डर समाया है
अतः मन में यह बुराई का का भाव आया है

कोई इल्जाम लगा दो यह ट्रेंड आया है
बुराई का लिबास ओड़ा दो भाव समाया है

वह तो इज्जतदार है इज्जत कमाया है
हम तो बेइजतदार हैं इसलिए यह भाव आया है

सामाजिक सेवा राजनीति व्यापार सेवा क्षेत्र में
यह भाव तेजी से ट्रेंड में आया है

इस भाव नें समाज सेवाको राजनीति सीढ़ीबनाया
है अधिकतम लाभ टांग खींचने में पाया है

परंतु मेरे मूर्ख मन तूने यह बुराई समाया है
एक उंगली दूसरे के तरफ उठाया है

तीन उंगलियां खुद के तरफ पाया है
गड्ढा खोदा दूसरे के लिए खुद को गड्ढे में पाया है

**- एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया**

देसी-ग़ज़ल

## इस हद तक खिसियाओ मत...!

मत चीखो चिल्लाओ मत।
मुंह को भाड़ बनाओ मत।।
वक़्त बदलता रहता है।
हर दम रोओ गाओ मत।।
खुशियों पे सबका हक़ है।
अपनी जान जलाओ मत।।

खिल्ली उड़ने लग जाए।
इस हद तक खिसियाओ मत।।
सब को सब मालूम यहां।
ज़्यादा बात बनाओ मत।।
चार दिनों के हाकिम हो।
धौंस-धपट दिखलाओ मत।।

सीधी-सादी दुनिया को।
उल्टे सबक़ सिखाओ मत।।
अपनी मुश्किल सुलझाने।
औरों को उलझाओ मत।।
मान लिया शातिर हो तुम।
बहलाओ फुसलाओ मत।।
जागी आंखों को दिन में।
झूठे ख़्वाब दिखाओ मत।।

**-प्रणय प्रभात**

## क्षणिकाएं

**सुधार**

जिस दिन मंत्री जी के
सारे चमचों का
परिवार नियोजन होगा
तब कहीं जाकर
देश में सुधार होगा

**बेकार**

जो बाबू रिश्वत लेने में
आर-पार होता हैं
उस पर लगाम लगाना भी
बेकार होता हैं

**बेवजह**

मांगने पर बाबू को
जब मिली नहीं
मनचाही रिश्वत
तब फाइल को
बेवजह अटकाता हैं
उस पर आब्जेकशन लगाता हैं

**बे बुनियाद**

अपना मतलब सिद्ध
करने के लिए
इस तरह अपनी चाल को
अंजाम तक पहुॅंचाते हैं
उन पर बे बुनियाद
आरोप लगाकर
सजा दिलाते हैं

**चमत्कार**

कुर्सी पर बैठते ही
देखिये चमत्कार हो गया
उनका वीरान घर
खुशियों से लबरेज हो गया

**-रमेश मनोहरा**

## शांति निकेतन

आ गई निगोड़ी बरसात
भर-भर के देती ज्यों आघात
घास-फूस की मड़ई छोटी सी
काल से होती सन्निपात।।

जहाँ से दिखती सतरंगी छटा
अति घनघोर श्यामल घटा
हृदय कंपित होते भीतर
जब-जब तड़ित चमक उठा।।

इधर खाने को लाले पड़े हैं
पावस की भित्ति सामने खड़े हैं।
नन्ही मुनिया बिलख रही है
काज करने को आतुरता बड़े हैं।।

इच्छित होकर भी न निकल पाता
दर्द मेरा गहराता जाता
ओला-वृष्टि आठों याम को
पाहन शीश पर पड़ता जाता।।

निरंतर मेह में दुःखित तन-मन
फटे अम्बर से काँपते बदन
अब की बार झंझावत में
आश्रय ऊर्ध्वायन शांति निकेतन।।

**-चन्द्रकांत खुंटे 'क्रांति'**

## गुरु की कीजै नित सम्मान

जन्म मरण का भेद बताया
अंतस का सब भेद मिटाया
सद्गुरु को सादर है प्रणाम
गुरु की कीजै नित सम्मान

जीवन का अँधियार मिटाकर
जीवन मे नवज्योति जलाकर
जीवन का बढ़ाया जैसे मान
गुरु की कीजै नित सम्मान

सद्गुरु मिले जीवन सुलझे
जीव आशा तृष्णा मे उलझे
कीजिये गुरुवर का ही गान
गुरु की कीजै नित सम्मान

गुरु से निज की गुरुता बढ़े
ज्ञान और मान सम्मान बढ़े
चरणरज से मिटे अभिमान

गुरु की कीजै नित सम्मान
गुरु ही भ्रम जाल मिटाये
आचरण से मान दिलाये
गुरुवर को कोटिशः प्रणाम
गुरु की कीजै नित सम्मान

**-प्रमेशदीप मानिकपुरी**

## सुभाषितानि (सूक्तियाँ)

मणि से कंगन कंगन से मणि,उभय परस्पर शोभित हैं
मणि और कंगना दोनों मिल, कर का मान बढ़ावत हैं ।1।

कवि से शोभा भूपति की, भूपति से शोभा कवि की है
कवि का ज्ञान नृपति वैभव से हुई सुसज्जित परिषद है।2।

शशि की शोभा निश से है, शशि से ही निश शोभित है
शशि निशा दोनों से मिलकर ,नभ की आभा भूषित है ।3।

जल से कमल कमल से जल,अन्योन्याश्रित शोभित हैं
पय पंकज की युगल ताल से भरा सरोवर सज्जित है।4।

आपका तेज सभा की शोभा,आपका मान बढ़ाती सभा
सभा आप दोनों से मिलकर,अद्भुत बढ़ती जगत प्रभा।5।

कागज से कलम,कलम से कागज अपना मान बढ़ाते हैं
ऋषि की कलम चले कागज पर ,वेद वाक्य बन जाते हैं।6।

वाणी अनुशासित होने पर काव्य प्रकट हो जाता है
स्वर अनुशासित होने पर संगीत की तान सुनाता है।7।

यम नियम पर चलकर साधक, प्राण नियंत्रण करता है
धारणा ध्यान से केन्द्रित हो ,आराध्य का दर्शन पाता है।8।

नारी की शोभा घर से है और घर की शोभा है नारी
परिवार स्वर्ग बन जाता है यदि घर में पूजित है नारी।9।

नर का आधार बनी नारी, नर आभूषण नारी का है
नर नारी के आत्ममिलन से ही अस्तित्व जगत का है।10।

**-बच्चूलाल दीक्षित**

## (जीवन चिंतन)पलायनवादी ना बने, आलस्य त्याग कर कठिन और दुष्कर्ार्य पहले संपादित करें।

### ( अकर्मण्यता को दूर भगाएं)

अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निर्रथक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैद्य निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।



**- संजीव ठाकुर**

# लोकतंत्र के चारों स्तंभों में पत्रकारों का दायित्व बड़ा है हमें सवाल पूछना चाहिए-अशोक वानखेड

## न्यूज चैनल और पेपर जब तक सरकारी चंदे पर चलेंगे तब तक हमें निष्पक्षता के साथ समाचार नहीं मिल पाएंगे










**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मालवा पत्रकारिता उत्सव मे वर्तमान समय मे बदलती पत्रकारिता विषय पर दिल्ली से आए वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, ग्वालियर से आए वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश पाठक, भोपाल से पधारे वरिष्ठ पत्रकार ह्रदयेश दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखेडे, वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार दीपक तिवारी, स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने मालवा पत्रकारिता उत्सव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही।

मालवा पत्रकारिता उत्सव की संपूर्ण जानकारी देते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विशालसिंह हाड़ा ने बताया कि प्रो. रामसखा गौतम सभागार, सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र उज्जैन पर मालवा पत्रकारिता उत्सव 2023 का आयोजन दो सत्रो मे किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे मोहन यादव मंत्री, म. प्र. शासन, अनिल फिरोजिया सांसद उज्जैन, पारस जैन पूर्व मंत्री एवं विधायक, महेश परमार विधायक तराना, श्याम बंसल अध्यक्ष प्राधिकरण के साथ ही नईदिल्ली के दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, प्रदेश टुडे मीडिया के चेयरमैन ह्रदयेश दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश पाठक, स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, प्रेस क्लब के संस्थापक सुनील जैन ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ इस कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में ज्योतिषशास्त्र अध्ययनशाला के आचार्य राजराजेश्वर शास्त्री मूसलगांवकर के द्वारा मंगलाचरण किया गया। जिसके पश्चात वरिष्ठ पत्रकारो के द्वारा वर्तमान समय मे बदलती परिस्थितियो के बीच पत्रकारिता, वर्तमान मे पत्रकारिता क्षेत्र में किए जाने वाले सुधार और इस पत्रकारो को वर्तमान समय में आ रही विपत्तियो पर विचार व्यक्त किए गए।

**- ह्रदयेश दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार**

भोपाल ने मालवा पत्रकारिता उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने 450 रुपये से पत्रकारिता की शुरूआत की थी श्रमजीवी पत्रकार बनकर मैंने बरसो तक ईमानदारी से कार्य किया लेकिन मुझे यह बताते हुए कोई शर्म नहीं है कि वर्तमान में अब जब मैं एक मीडिया समूह का मालिक हूं उस समय मुझ पर सरकार की कई पाबंदियां हैं। वर्ष 2014 से 2023 तक पत्रकारिता का दौर काफी बदला है इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अपनी जिम्मेदारी भूल चुका है अब देश के बड़े मुद्दों पर नहीं बल्कि प्रधानमंत्री विदेश में जाकर क्या खाना खाएंगे उस पर चर्चा करता है। हम स्वयंभू लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं जिन्हें कोई कुछ मानने को तैयार ही नहीं है प्रिंट मीडिया के लिए आज का समय काफी खतरनाक चल रहा है आप प्रश्न पूछते रहे लोगों से बात करना कभी नहीं छोड़े। मैं पत्रकारिता को जीवित रखने के साथ ही पत्रकारों के सम्मान के लिए सदैव तत्पर हूं।

**- डॉ. राकेश पाठक, वरिष्ठ पत्रकार**

ग्वालियर ने बताया कि आज के समय में डिजिटल मीडिया बेलगाम है सूचनाओं का सोशल मीडिया पर महा विस्फोट हो रहा है हर सूचना देने वाला व्यक्ति पत्रकार नहीं है व्हाट्सएप, ट्विटर सोशल मीडिया पर हर कोई बिना जिम्मेदारी के न्यूज भेज रहा है लेकिन सच्ची खबरें देने वालों की जिम्मेदारी सच को सामने लाने की है सूचना को अपनी कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही यदि पत्रकार चलाएंगे तो इससे फेक न्यूज का मायाजाल समाप्त हो जाएगा। पत्रकारिता के लिए आपका समय संक्रमण काल की तरह हो गया है सभी अपनी जिम्मेदारियां भूल चुके हैं लोकतंत्र की पालकी के चारो कहारों की आंखो का पानी मर चुका है।

**-अशोक वानखेडे वरिष्ठ पत्रकार**

मंच देखकर अगर मैंने रंग बदला तो मुझ में और लोगों में फर्क क्या रह जाएगा यह बात कह कर दिल्ली से पधारे वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखेडे ने बदलती परिस्थितियों में पत्रकारिता विषय पर अपने विचार रखे उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में हमेशा ही समस्याओं का दौर रहा है पहले प्रिंट मीडिया में समस्याएं थी फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आने से समस्याएं बढ़ी और अब डिजिटल के बाद ट्विटर स्पेस आ गया है लेकिन सभी ने इन संकटों को जिया है और इनका सामना किया है सरकार के सामने नतमस्तक होना एक पत्रकार का धर्म नहीं है पत्रकारिता का काम ईमानदारी का है आज के समय में लोकतंत्र के चारों स्तंभों में पत्रकारों का दायित्व बड़ा है हमें सवाल पूछना चाहिए और पत्रकारिता को एक मिशन की तरह करना चाहिए। आज के समय में फेक न्यूज के लिए एक कैंपेन चलाया जा रहा है आपने कहा कि वर्तमान में राजनीति करने वाले लोग संवेदनहीन नहीं है आज के समय में सिर्फ चुनाव के दौरान ही संवेदना व्यक्त की जाती है मणिपुर की घटना पर आपने कहा कि प्रधानमंत्री यहां जलाए गए मकानों और सैकड़ों लोगों की मौत पर तो मौन रहते हैं लेकिन महाराष्ट्र जहां पर चुनाव होने वाले हैं वहां की सड़क दुर्घटना पर भी न सिर्फ ट्वीट करते हैं बल्कि सड़क दुर्घटना में मारे जाने वाले लोगों के लिए राहत राशि भी देते हैं क्योंकि यहां चुनाव होने वाला है। आपने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने चुनाव के दौरान सरकार से कई सवाल पूछे लेकिन सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी को यहां से अपनी सरकार गंवाना पड़ी क्योंकि सब आप रहें। सत्ता जब सत्ताधीश जवाब देना नहीं चाहता तो समझिए उससे ज्यादा डरपोक कोई नहीं है हमारी पत्रकारिता नारद की नहीं महाभारत के संजय की तरह होना चाहिए क्योंकि महाभारत में संजय जो देखता था वही बताता था।

**- प्रवीण खारीवाल स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष**

पत्रकारिता के हर दौर में चुनौतियां रही है लेकिन वर्तमान में पत्रकारिता के हालात सबसे डराने वाले हैं। हमें आत्मनिर्भर होकर पत्रकारिता करना चाहिए क्योंकि अब सच कहना राष्ट्र व देशद्रोह की तरह हो गया है। वर्तमान में सरकार और सत्ता स्थानों की नियत बिगड़ रही है वे चाहते हैं कि विज्ञापन देने के बाद मीडिया अब किसी के बारे में भी कुछ नहीं छापे। आज के समय में सच दिखाने वाले को खिलाफ मान लिया जाता है मैं बड़े शहरों की बात तो नहीं कहता लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी पत्रकारिता का अच्छा स्वरूप नजर आ रहा है।

**- दीपक तिवारी वरिष्ठ पत्रकार**

सुबह को शाम शाम को सवेरा नहीं लिखा हमने खबर लिखी है कोई कसीदा नहीं लिखा। इस बात से पत्रकारिता के विषय में जानकारी देते हुए भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार दीपक तिवारी ने मालवा पत्रकारिता पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी पत्रकारिता के लिए शब्दों का जादूगर होने की आवश्यकता नहीं है। पत्रकारों को पत्रकारिता व खबरों की समझ होना चाहिए जब पत्रकार को पॉजिटिव पत्रकार कहा जाता है तो फिर हम जनसंपर्क अधिकारी या फिर गोदी मीडिया बन जाते हैं। आपने बताया कि जो आपसे छुपाया जाता है केवल खबर वही है खबरें वही होती है जहां से सवाल बनता है देश में टीवी चैनलों की हालत इतनी खराब है कि 3 वर्षों में लगभग 40त्न लोगों ने टेलीविजन पर न्यूज देखना ही बंद कर दिया है आज के समय में लोग सिर्फ डिजिटल पर खबरें देखना पसंद कर रहे हैं लेकिन आज के समय में स्वतंत्र पत्रकारिता खत्म हो चुकी है और जल्द ही इससे लोकतंत्र भी खत्म होने वाला है सोशल मीडिया के प्लेटफार्म फेसबुक ने तो लोकतंत्र को लगभग समाप्त ही कर दिया है आज भी समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो कि आपकी अच्छाइयों को देखकर सदैव आपको आगे बढ़ाता है आपने सेटेलाइट से पत्रकारिता के बारे में भी पत्रकारों को जानकारी दी आपने पत्रकारिता के लिए टेक्नोलॉजी को भी सबसे बड़ा खतरा बताया।

**-सुमित अवस्थी वरिष्ठ पत्रकार**

न्यूज चैनल और पेपर जब तक सरकारी चंदे पर चलेंगे तब तक हमें निष्पक्षता के साथ समाचार नहीं मिल पाएंगे आज के समय में गलत और फेक न्यूज से निपटना हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हमें किसी भी बात को सच मानने की बजाय अपने विवेक से सोचना होगा कि आखिर हमें जो दिखाया या परोसा जा रहा है उसमें कितनी सच्चाई है हमें हर चीज पर सवाल करना चाहिए। आज के समय में पत्रकारों को किसी एक पक्ष की ओर धकेला जा रहा है यदि हम सत्ता से सवाल करते हैं तो हमें विरोधी माना जाता है। आज के समय में पत्रकार को ही पत्रकार का दुश्मन बना दिया है पत्रकारों में एकता की कमी है जिसका फायदा सत्ता और प्रशासन के लोग उठाते हैं यही कारण है कि अच्छी खबर और स्टोरी लगते ही न सिर्फ हमें बिकाऊ बोला जाता है बल्कि हमारे सोर्स भी बताया जाते हैं आज के समय में टीवी की बजाय सोशल मीडिया पर काफी स्वतंत्रता है इसीलिए अब लोग टीवी चैनलों पर नहीं बल्कि यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे हैं।



कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य हर्ष जायसवाल ने संस्था का परिचय देने के साथ ही आगामी वर्षों में मालवा पत्रकारिता उत्सव को और भी धूमधाम से मनाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में पत्रकारगण शामिल हुए जिन्होंने शब्दो की अस्मिता के इस विशेष अनुष्ठान मालवा पत्रकारिता उत्सव में वरिष्ठो की बातो को सुना और उनके बताए मार्ग पर चलकर पत्रकारिता करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया। पहले सत्र का आभार सचिव विक्रम जाट एवम् द्वितीव सत्र का आभार पंडित संजय शुक्ल ने माना।

## सार समाचार

### पिछले चौबीस घंटे में उज्जैन जिले में औसत 11.8 मिमी वर्षा हुई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में उज्जैन जिले में औसत 11.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसमें घट्टिया तहसील में 2.3, नागदा में 2, महिद्पुर में 6, झारड़ा में 24, तराना में एक और माकड़ोन तहसील में 71 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है।

### केन्द्रीय जेल में गायत्री परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केन्द्रीय जेल के अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि गत दिवस केन्द्रीय जेल में गायत्री परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बन्दियों में सद्बुद्धि की स्थापना के उद्देश्य से बुद्धिवर्धन के लिये ज्ञानवर्धन साहित्य की किताबें वितरित की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री मनोज साहू, उप जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह, श्री जसमन सिंह, श्री सुरेश गोयल, श्री प्रवीण कुमार मालवीय तथा समस्त स्टाफ मौजूद था।

### गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज त्रिवेणी कला संग्रहालय में संगीत सभा का आयोजन

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई कि संस्कृति विभाग द्वारा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार 3 जुलाई को त्रिवेणी कला संग्रहालय में शाम 7 बजे से संगीत सभा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में रायपुर की सुश्री भारती सिंह राजपूत द्वारा शास्त्रीगय गायन, दिल्ली के पं.डालचंद शर्मा द्वारा पखावज वादन और भोपाल की सुश्री श्वेता देवेन्द्र द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी जायेगी।

### विद्यारंभ संस्कार, ''माता-पिता के सामने बच्चों ने थामी कलम''

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में ''गुरूपूर्णिमा'' के शुभ अवसर पर ''विद्यारंभ संस्कार'' का आयोजन किया गया। संस्कार कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी के बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ सनातन परम्परा अनुसार अक्षत पात्र पर आम की कलम और मौर पंख से ''ऊँ'' लिखकर विद्यारंभ किया। भारतीय संस्कृति में मानव जीवन को पवित्र व मार्यादित बनाने के लिए 16 संस्कारों का प्रावधान है जिसमें ''विद्यारंभ संस्कार'' भी एक महत्वपूर्ण संस्कार माना गया है। इस पावन अवसर पर माँ सरस्वती की वंदना कर विद्या आरंभ संस्कार किया गया।

## हाई कोर्ट की अवमानना के मामले को लेकर इंदौर हाईकोर्ट ने उज्जैन जिला कलेक्टर को दिया नोटिस

### कुख्यात भू माफिया जोगेश उर्फ योगेश पिता ज्ञानचंद और असगर अली पिता हैदर अली बारूद वाला के द्वारा सरकारी जमीन का किया गया क्रय विक्रय

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** धार्मिक नगरी उज्जैनी में सरकारी जमीन का विक्रय का मामला काफी लंबे अंतराल से चल रहा है इसी कड़ी में म प्र युवा शिवसेना गोरक्षा न्यास कट्टर हिंदू संगठन के द्वारा लगातार सरकार की जमीन बचाने हेतु आंदोलन किया जा रहा है लेकिन काफी शिकायत के बाद उज्जैन जिला प्रशासन नगर पालिका निगम प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा चार बार जिला कलेक्टर कार्यालय पर ईमेल के माध्यम से दिए गए ज्ञापन में कार्रवाई के लिए लिख चुके दूसरी ओर गुंडों के मकान तोड़कर शासन अपनी शासन अपनी वाहवाई लूट रहा है।

वीर दुर्गादास मार्ग बड़नगर रोड पट्टी बाजार सरकारी भूमि सर्वे क्रमांक 716 /1 राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी अंकित है जब जिला प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई थी इस पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान ने इंदौर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। मनीषसिंह चौहान के अनुसार इंदौर हाई कोर्ट के निर्देश है कि सरकारी भूखंड क्रय विक्रय के संबंध में विगत 4 माह में जांच रिपोर्ट कर हाई कोर्ट को अवगत कराया जाए लेकिन जिला प्रशासन उज्जैन में 5 महीने बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही हाईकोर्ट के सामने प्रस्तुत नहीं की। उसके बाद संगठन द्वारा कोर्ट की अवमानना के मामले में फिर याचिका प्रस्तुत की गई जिस पर मान्य है कोर्ट ने उज्जैन जिला कलेक्टर को नोटिस देकर भूखंड पर हो रहे हैं अवैध बिल्डिंग निर्माण और भू माफिया के खिलाफ पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई कराई गई इसके लिए 6 हफ्तों में जवाब हाई कोर्ट में प्रस्तुत होने के निर्देश दिए। मनीषसिंह चौहान ने आरोप लगाया कि भू माफिया जोगेश पूर्व योगेश पिता ज्ञानचंद कविता पति योगेश कमलेश प्रजापति विशाल कृष्णानी असगर अली बुरहानुद्दीन हकुमुद्दीन हैदर अली इन सियापति असगर अली के द्वारा कूट रचित दस्तावेज हटकर जमीन का विक्रय किया गया है। इसमें जोन क्रमांक 1 नगर पालिका निगम के अधिकारी की मिली जुली योजना से सरकारी जमीन पर संभवत भवन निर्माण की अनुज्ञा भी पारित कर दी गई संगठन प्रदेश सरकार से पूछना चाहता है कि हर मामले की शिकायत हमारे द्वारा अधिकारी को मैं प्रमाणित सौंपी गई जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट हो चुका है कि जमीन सरकारी है लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी कोई कार्रवाई करने के लिए तैयार नहीं हाईकोर्ट के निर्णय सही अगर कार्रवाई होना है तो लगता है कि उज्जैन जिला प्रधान को भूमाफिया पर कार्रवाई करने के नाम की नौटंकी बंद कर देना चाहिए। जानकारी हिंदूवादी नेता मनीष सिंह चौहान ने दी।

## मंदिर निर्माण के लिए समाज जन दे रहे खुले मन से दान राशि



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भील ठाकुर समाज संगठन के द्वारा नरसिंह घाट के समीप समाज की धर्मशाला परिसर में मंदिर का निर्माण करवाया जाएगा। मंदिर के निर्माण के लिए समाज में जागृति लाने के उद्देश्य से यात्रा शुरू की गई है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष मधु सिंह मकवाना के नेतृत्व में शुरू की गई यात्रा में प्रमुख रूप से समाज के सचिव अरविंद गहलोत कोषाध्यक्ष अमर सिंह परमार अन्य पदाधिकारी प्रकाश परमार जुझार सिंह मकवाना रमेश राठौर भुवान सिंह राठौर राकेश मकवाना रुपेश मालीवाड़ आदि गांव गांव पहुंच रहे हैं और ग्रामीणों को मंदिर निर्माण के संबंध में अवगत करा रहे हैं। जन जागरण यात्रा में शामिल समाज के पदाधिकारी ग्राम झलारिया पीर झ ला र जवासिया खरसोद कला राव दीया पीर बराडिया पहुंचे। इस दौरान गांव में रहने वाले समाज जनों ने समाज के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें मंदिर निर्माण के लिए दान राशि प्रदान की। इसके अलावा भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारी प्रकाश परमार ने बताया कि 1 दिन में चार 5 गांव में समिति के पदाधिकारी जनसंपर्क कर रहे हैं। नरसिंह घाट के समीप स्थित भील ठाकुर समाज की धर्मशाला परिसर में भव्य मंदिर निर्माण किया जाएगा। समाज जनों में इसके प्रति बहुत उत्साह बना हुआ है।

## संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी का किया सम्मान

### एनबीएसके ने किया ईद मिलन समारोह का आयोजन
### हिंदू मुस्लिमजनों ने की सभी के स्वास्थ्य लाभ, देश में अमन चैन की दुआ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एनबीएसके द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू मुस्लिमजनों ने सभी के स्वास्थ्य लाभ एवं देश में अमन चैन की दुआ की। इस मौके पर संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी का माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

कोषाध्यक्ष सागर सर्राठे ने बताया एमआर मंसूरी का सम्मान संभागीय सचिव संजय सिसौदिया, लेब टेक्निशियन एसोसिएशन अध्यक्ष शशि टायटस, स्वास्थ्य विभागीय समिति अध्यक्ष नवीन पांडे के नेतृत्व में एवं पूर्व बीएमओ भाटपचलाना डॉ. आरसीपी सिसौदिया, जिला संरक्षक केएस परमार, जिला प्रवक्ता संजय पुरैय्या, संदीप पाटिल, एमडी अहिरवार, हमीद खान, नारायण अकेला, अंशुल चौधरी, बालमुकुंद देवड़ा, नूरजमा खान, अल्ताफ खान आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर एमआर मंसूरी ने ईद की मुबारकबाद देते हुए दुआ मांगी कि सबके घर में जश्न हो, सबकी जिंदगी रोशन हो, हर भारतीय के दिल में भाईचारा सलामत हो।

## राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा श्री महाकाल क्षेत्र एवं रामघाट पर सफाई अभियान चलाया गया





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के उज्जैन स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री एमके रघुवंशी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा सम्पूर्ण देश में एक जुलाई से 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत उज्जैन कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा गत दिवस स्वच्छता की शपथ ली गई और अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री रोशन कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के प्रभारी श्री एमके रघुवंशी से सफाई अभियान के विषय में जानकारी ली गई और नगर निगम से जुड़े सफाई संस्थानों को भी अभियान में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके पश्चात श्री महाकाल मन्दिर परिसर और रामघाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इसमें अधिकारी-कर्मचारियों ने सड़कों की सफाई की तथा नगर पालिका निगम के सहयोग से सूखा एवं गीला कचरा एकत्रित कर कचरा गाड़ी में भरवाया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों द्वारा पेम्पलेट का वितरण करते हुए स्थानीय रहवासियों और दुकानदारों को घरों एवं दुकान के आसपास सफाई रखने, पानी का अपव्यय रोकने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु जागरूक किया गया।

## उज्जैन दर्शन बसों का गुरु पूर्णिमा पर शुभारंभ

### बसें सोमवार को फ्री उपलब्ध होंगी. महापौर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन नगर पालिक निगम महापौर श्री मुकेश टटवाल के विशेष प्रयासों से नगर के नागरिकों और श्रद्धालु यात्रियों को पांच उज्जैन दर्शन बसों की सौगात उपलब्ध कराई जा रही है।

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को 11 बजे देवास गेट पर इन बसों का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया है। महापौर श्री मुकेश टटवाल के निर्देशानुसार गुरुपूर्णिम के अवसर पर शुभारंभ होने से दर्शनार्थियों के लिए शुभारंभ पश्चात सोमवार को बसें फ्री चलाई जाएंगी।

## अच्छी वर्षा हेतु ईश्वर स्तुति के साथ परोपकारी कार्य कर मनाई विवाह वर्षगांठ

### सुधीर भाई और कांता भाभी ने गौशाला में सेवा पर निर्भर गौमाता एवं बछड़े को



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 'अंकित ग्राम' सेवाधाम आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई ''भाईजी'' एवं श्रीमती कांता ''भाभीजी'' की 40वीं वर्षगांठ एवं दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा कार्यक्रमों के अंतर्गत सम्पूर्ण आश्रम परिवार में बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्ग स्त्री-पुरूषों के साथ उज्जैन स्थित कुष्ठधाम हामूखेड़ी हेतु भी विशेष भोजन का आयोजन किया गया। सुधीर भाई ने अच्छी वर्षा के लिए परम आराध्यदेव सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज का अशीष एवम् स्तुति के साथ समाज के अंतिम वर्ग की सेवा-सुश्रुषा और परोपकारी कार्य करने का संकल्प दोहराया, गुरूदेव के समक्ष सत्य और नीति मार्ग पर चलने का आशीर्वाद लिया। सुधीर भाई एवं कांता भाभी ने बच्चों, युवाओं को विशेष भोजन परोसा एवं बुजुर्गो से आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर सुधीर भाई ने सेवाधाम गौशाला में ग्राम बड़वई निवासी भुवानजी जो अपने परिवार में गाय एवं बछड़े का पालन-पौषण नही कर पा रहे थे को अपनाया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )